दैनिक

जयपुर.सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 305 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 05 दिसम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

## राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

# किसान, महिला, मजदूर और युवाओं का सशक्तीकरण है विजनः भजनलाल

### तैयारियों के संबंध में दिए अधिकारियों को निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान, महिला, मजदूर और युवाओं का सशक्तीकरण राज्य सरकार का विजन है। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम, नई योजनाएं और नवाचार भी इन वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है। शर्मा ने इन कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय सुनिश्चित करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दें। भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार एक वर्ष में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रख रही है। साथ ही, राज्य सरकार की उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी जाएगी। ऐसे में इन कार्यक्रमों में सभी वर्गों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

### लाभार्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 12 से 17 दिसम्बर तक राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लाभार्थियों व आमजन की सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग अपनी प्रत्येक गतिविधि के लिए जिम्मेदारी तय करे तथा उनकी लगातार समीक्षा भी करे, ताकि सभी कार्यक्रम सुनियोजित ढंग से आयोजित हो सके।

### रोजगार उत्सव से लगभग 1 लाख 5 हजार युवा होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से रोजगार उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। इसके तहत युवाओं को नियुक्ति पत्र और नई भर्तियों की सौगात दी जाएगी। इससे लगभग 1 लाख 5 हजार युवा लाभान्वित होंगे। उन्होंने संबधित विभागों को निर्देश दिए कि भर्तियों की विज्ञप्तियों में तेजी लाई जाए।

### महिलाओं व श्रमिकों के आर्थिक उन्नयन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं एवं श्रमिकों के आर्थिक उन्नयन की दिशा में लगातार निर्णय लिए हैं। इसी के तहत राज्य सरकार की ओर से अपनी पहली वर्षगांठ पर एक लाख लखपति दीदी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही, 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार रूपये प्रति समूह रिवोल्विंग फंड का हस्तांतरण, बालिकाओं को स्कूटी वितरण, महिला हैल्पलाइन ऐप का शुभारंभ, नमो ड्रोन दीदी का सम्मान, राजसखी पोर्टल का शुभारंभ जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने में महती भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन सभी कार्यक्रमों की सुनियोजित रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित हो रहे रन फॉर विकसित राजस्थान, राज्यस्तरीय विकास प्रदर्शनी, किसान और महिला सम्मेलन, रोजगार उत्सव, विभिन्न लोकार्पण- शिलान्यास कार्यो सहित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव आयोजना अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनन्द कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज इनबॉक्स



### देवेंद फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के सीएम, आज लेंगे शपथ

जयपुर टाइम्स

**मुंबई(एजेंसीं.)।** भाजपा कोर कमेटी की बैठक में देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग गई है। इसके बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी नेता चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगांटीवार ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से देवेंद्र फडणवीस को अपना नेता चुना। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में महाराष्ट्र विधानसभा भवन में विधायक दल की बैठक हुई। गुरुवार को शाम पांच बजे दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री की मौजूदगी में देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

#### विजय रूपाणी ने किया एलान

विधायक दल की बैठक केंद्रीय पर्यवेक्षक निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौजूदगी में हुई। बैठक के बाद विजय रूपाणी ने कहा कि सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लगाई है। इसके बाद उन्होंने फडणवीस को विधायक दल का नेता घोषित किया। आशीष शेलार महाराष्ट्र भाजपा के मुख्य सचेतक होंगे। उधर, नागपुर में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर जश्न का माहौल है। कोर कमेटी की बैठक में महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में पार्टी को जीत मिली है। सभी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा। जनता ने खुलकर वोट दिया। उधर, नेता चुने जाने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महायुति को जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया है। हम महाराष्ट्र को आगे ले जाने को प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। गुरुवार को देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पहली बार 2014 में देवेंद्र मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने पांच साल अपना कार्यकाल पूरा किया।

### महाकुंभ में राजस्थान पैवेलियन के लिए भूखंड आवंटन का सीएम भजनलाल ने योगी से अनुरोध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की जनता की धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक परंपरा के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार आस्था धामों के विकास और वरिष्ठ जनों को तीर्थ यात्रा करवाने जैसे कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाले महाकुंभ में राजस्थान के श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्थक पहल की है।

## ईसरदा बाँध परियोजना का कार्य समय पर पूरा कराने के लिए भजनलाल सरकार कृत संकल्पित

### बीसलपुर बाँध और बनास नदी के वर्षा जल का होगा समुचित प्रबंधन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और सतत मॉनीटरिंग से ईसरदा बाँध परियोजना को जनवरी, 2025 तक पूरा किए जाने की दिशा में प्रयास चल रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने से बीसलपुर बाँध के ओवरफ्लो व बनास नदी के वर्षा जल का प्रबन्धन सही तरीके से किया जा सकेगा। आगामी मानसून से पहले परियोजना पूर्ण होने पर बीसलपुर बाँध के ओवरफ्लो को बनास नदी में व्यर्थ बहने से रोका जा सकेगा और दौसा व सवाईमाधोपुर जिलों के 1256 गांवों व 6 शहरों के निवासियों को समुचित गुणवत्तायुक्त पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाना संभव हो पाएगा। राज्य सरकार आम-जन को बेहतर गुणवत्ता व समुचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है।

हालांकि, राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में पेयजल आपूर्ति एक बहुत बड़ी चुनौती है। राजस्थान में भू-जल, वर्षा जल और चम्बल, माही, नर्मदा व यमुना का सतही जल ही आमजन के लिए पेयजल का मुख्य स्त्रोत है। राजस्थान की स्थानीय नदियों में बनास नदी, राज्य की सबसे लम्बी नदी है, जिसे राजस्थान की यमुना भी कहा जाता है। पेयजल स्त्रोतों में अनुपातिक वृद्धि नहीं होने से, भू-जल दोहन अधिक बढ़ गया है जिसके कारण भूजल का स्तर भी प्रभावित हो रहा है, जो चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने इस विषय पर गंभीरता से विचार कर निर्णय लिया है कि बीसलपुर बाँध के डाउनस्ट्रीम में ग्राम-बनेठा, तहसील- उनियारा, जिला-टोंक के पास निर्माणाधीन ईसरदा बाँध का निर्माण कार्य जनवरी 2025 तक पूर्ण किया जाए। ईसरदा बाँध परियोजना के निर्माण का मुख्य उद्देश्य बीसलपुर बांध की पूर्ण भराव क्षमता के बाद बांध से अधिशेष जल का प्रबंधन है, जो बनास नदी में व्यर्थ बह जाता है। बीसलपुर बांध के डाउनस्ट्रीम में व्यर्थ बहने वाले पानी का संग्रहण करके, पेयजल के लिए उपलब्ध कराने के लिए ही ईसरदा बांध की योजना बनाई गई है। इस परियोजना से जिला दौसा के 1079 गांव व 5 शहर व जिला सवाईमाधोपुर के 177 गांव व 1 शहर को पेयजल आपूर्ति की जानी है। बता दें कि ईसरदा बांध परियोजना की लागत 1038 करोड़ रुपए है। ईसरदा बांध परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जाना निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में बाँध के निर्माण का कार्य पूर्ण भराव तल 262 मीटर तक पूर्ण किया जाना है किन्तु पानी का भण्डारण आर.एल. 256 मीटर तक ही किया जाना है। आर.एल. 256 मीटर तक बाँध की पानी भराव क्षमता 3.24 टी.एम.सी. है।



इस नदी पर ही टोंक जिले में बीसलपुर बाँध निर्मित है, जिसे जयपुर के पेयजल की लाइफलाइन माना जाता है। बढ़ती आबादी, औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों के कारण पेयजल की मांग जयपुर व आसपास के जिलों में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, परन्तु दूसरे चरण में बांध की पूर्ण भराव क्षमता आर.एल. 262 मीटर तक जल का संग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। अतः दूसरे चरण के कार्य के बाद भराव क्षमता 10.77 टी.एम.सी तक पानी संग्रहित किया जा सकेगा।

## सड़क हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत, 2 घायल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के हनुमानगढ़ रोड मेगा हाईवे पर बुकनसर फांटा के पास मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि करीब ढाई बजे कैंटर और एक टाटा सफारी गाड़ी की जबरदस्त भिड़त हो गई। दर्दनाक सड़क हादसे में टाटा सफारी गाड़ी में सवार 5 जनों की मौत हो गई। वहीं टाटा सफारी गाड़ी में सवार 1 और एक कैंटर चालक सहित 2 घायलों का उपचार जारी है। वहीं मामले में पुलिस ने बुधवार को परिजनों की मौजूदगी में सभी मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं। थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राजासर बीकान निवासी मनोज कुमार भार्गव ने रिपोर्ट दी है कि मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि को मेरा भाई पवन कुमार व हमारे रिश्तेदार राणासर बीकान निवासी कमलेश पुत्र भंवरलाल भार्गव डूंगरगढ़ के रीड़ी गांव निवासी नंदू पुत्र किशनलाल भार्गव, राकेश पुत्र लालाराम भार्गव, रामलाल पुत्र गिरधारी लाल भार्गव ओर सीकर के पलसाना निवासी धनराज पूत्र महेश कुमार टाटा सफारी गाड़ी में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए हनुमानगढ़ जा रहे थे। मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजकर 45 मिनट पर हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर बुकनसर फांटा के पास पहुंचे तो हनुमानगढ़ की तरफ से आ रहे एक कंटेनर के चालक ने कंटेनर को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए सही दिशा में चल रही सफारी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार मेरा भाई पवन कुमार, कमलेश, नंदू और राकेश को डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया और रामलाल व धनराज को बीकानेर रैफर कर दिया। दौराने इलाज धनराज की बीकानेर में मृत्यु हो गई और रामलाल का बीकानेर में इलाज चल रहा है। बता दे कि हादसे सूचना मिलते ही सरदारशहर पुलिस थाना के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे ओर मानवता का परिचय देते हुए और घायलों और मृतकों को खुद ही पुलिस की गाड़ियों में डालकर राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टाटा सफारी गाड़ी में सवार दो जने गाड़ी में फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।





## गाजीपुर बॉर्डर से बैरंग लौटे राहुल गांधी

जयपुर टाइम्स

**लखनऊ(निसं.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संभल जाने की अनुमति नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें गाजीपुर बॉर्डर से वापस जाना पड़ा। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। बता दें कि हिंसा प्रभावित संभल में 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों के आने पर प्रतिबंध है। रोक के बावजूद राहुल गांधी संभाल जाकर बावल में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलना चाहते थे। उन्होंने गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने पर कहा कि हम लोग संभाल जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पुलिस इजाजत नहीं दे रही है। विपक्ष के नेता के तौर पर वहां जाना मेरा अधिकार है लेकिन मुझे रोका जा रहा है। मैं पुलिस के साथ जाने के लिए तैयार हूं। इसके बाद भी वह मानने को तैयार नहीं है। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह विपक्ष के नेताओं के अधिकारों के खिलाफ है मुझे संभल जाने देना चाहिए था। गाजीपुर से वापस जाना बहुत ही निराशाजनक है या संविधान के खिलाफ है मुझे मेरे संवैधानिक अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं, यह नया भारत है या संविधान को नष्ट करने वाला भारत है लेकिन हम लड़ते रहेंगे। वही प्रियंका वाड्रा गांधी ने कहा कि राहुल प्रतिपक्ष के नेता है। उनका संवैधानिक अधिकार है जो उन्हें नहीं मिला उन्हें संभाल जाने की अनुमति दी जानी चाहिए थी।

## राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए भजनलाल ने किया नौ नई नीतियों का अनावरण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करने के लिए 9 नई नीतियों का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नीतियां राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इनसे न केवल निवेश आकर्षित होगा, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इन नीतियों में नवाचारों व नए प्रयोगों का समावेश किया गया है जिससे प्रदेश की आर्थिक प्रगति, समृद्धि और रोजगार सृजन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नीतियां हमारे राज्य के लिए रोडमैप होने के साथ ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आने वाले निवेश की बढ़ोतरी का महत्वपूर्ण आधार भी हैं। यह राज्य के विकास के लिए एक नया अध्याय है जिनके माध्यम से राज्य में निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य की प्राप्ति में मदद मिलेगी। उन्होंने उद्योगपतियों और निवेशकों से प्रदेश की विकास यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा संकल्प 'विकसित राजस्थान' का है और ये नीतियां उस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के




औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कार्यक्रम में राजस्थान एमएसएमई नीति 2024, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति-2024, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान ⸝ नीति 2024, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2024, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024, राजस्थान खनिज नीति 2024 और राजस्थान एम-सेण्ड नीति 2024 का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में नवीन नीतियों की स्टॉल्स को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, जनजातीय क्षेत्र विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, उद्योग व वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मौजूद रहे। साथ ही, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अध्यक्ष राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अध्यक्ष राजस्थान राज्य भंडारण निगम संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और उद्योगपति व स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।

CMYK

# मेवात जयपुर टाइम्स

जयपुर , गुरूवार
05 दिसम्बर, 2024


## सबको बीमा अभियान के तहत होगा रैली का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने बताया कि उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस के अवसर पर सबको बीमा अभियान 2047 के तहत 5 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे शहीद स्मारक से रैली आयोजित होगी। रैली शहीद स्मारक से पुलिस कंट्रोल रूम, होप सर्कस होते हुए शहीद स्मारक पर सम्पन्न होगी।

## सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई समझाईश एवं प्रवर्तन की कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया



कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु जिला प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त 11 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न हितधारक विभाग पुलिस विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि द्वारा विद्यार्थियों एवं आमजन में सड़क सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों का प्रचार-प्रसार, रिफ्लेक्टर टेप अभियान, सीट बेल्ट एवं हेलमेट के संबंध में समझाईश कार्यक्रम, अवैध पार्किंग / ओवरलोड/ क्षमता से अधिक सवारी / प्रदुषण मानकों का उल्लंघन कर संचालित वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दसवें दिवस में ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले में लगभग 150 आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी प्रदान की गई तथा 100 बुकलेट्स भी वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उड़नदस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 250 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत बिना सीटबेल्ट के वाहन संचालन संबंधी 08 चालान, बिना हेलमेट के वाहन संचालन के 85 चालान, बिना वैध प्रदुषण प्रमाण पत्र संचालित वाहनों के 01 चालान, निर्धारित गति से अधिक वाहन संचालन के 81 चालान, ओवरलोड वाहनों का 01 चालान एव नो पार्किंग संबंधी 09 चालान बनाये गये।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिले में किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि माह के प्रथम गुरुवार, 5 दिसम्बर को जिले में ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन प्रात~ 11 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. हुकुम सिंह 'निर्भय' ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का किया आभार व्यक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. हुकुम सिंह निर्भय ने वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया।डॉ. हुकुम सिंह निर्भय ने फूलबाग में AICC महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, राजस्थान विधानसभा सभा में नेता प्रतिपक्ष



टीकाराम जूली एवं जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा का साफा व माला पहनाकर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने डॉ. हुकुम सिंह को नवीन पद के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी और उन्हें निर्देश दिया है कि वो कांग्रेस के रीति- नीति एवं सिद्धांतों में पूर्ण आस्था रखते हुए जिला स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करें। इस दौरान फूलचंद शर्मा, रिपु दमन गुप्ता, राजेश कृष्ण सिद्ध, अनवर साजिद, जीत कौर सांगवान, महेन्द्र किराड़, राजेश बसवाल, धारा सिंह, महेश बुंदेला, रुप किशोर, चेतराम बड़सीवाल, मुरारीलाल लाल गुर्जर, जगदीश बसवाल, प्यारेलाल खटीक, बाबूलाल आदि आदि मौजूद रहे।

## विधार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि 14 दिसम्बर

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. पार्ट द्वितीय व तृतीय वार्षिक पद्धति, पूर्व छात्र, स्वयंपाठी तथा बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. पार्ट द्वितीय सेमेस्टर तृतीय के नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 04 से 14 दिसम्बर तक बिना विलम्ब शुल्क भरे जायेगें। स्नातकोत्तर पूवार्द्ध व उत्तरार्द्ध के नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 04 से 14 दिसम्बर तक बिना विलम्ब शुल्क भरे जायेगें। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में निर्धारित काउन्टर पर जमा करवानी होगी। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के अंतर्गत स्नातक नियमित प्रथम सेमेस्टर एवं प्राईवेट प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 05 दिसम्बर है। परीक्षा फॉर्म भरने से पहले सभी विद्यार्थियों को एबीसी आईडी बनवाना जरूरी है। फॉर्म भरने के बाद महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी, एबीसी आईडी, 10 वीं, 12 वीं की अंकतालिका, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड से यदि 12 वीं परीक्षा पास की है तो मूल माईग्रेशन सर्टिफिकेट और उसकी फोटो कॉपी, आधार कार्ड की फोटो

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

# मिशन मोड में आगामी 15 दिन तक कार्य कर आयुष्मान कार्ड का ई-केवाईसी व वितरण कार्य पूर्ण करावे

**शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग करने, जिले को टीबी मुक्त करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक की कार्य योजना बनाए**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जिले में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करें। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में क्रियान्वित करावे। जिले की विभिन्न बिन्दुओं में रैंकिंग में सुधार करें। इसमें लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाए।

जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के शेष ई-केवाईसी के व कार्ड वितरण कार्य को आगामी 15 दिवस में मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के तहत चिकित्सा संस्थानों में रोगियों के उपचार में अधिकाधिक



क्लेम बुक करे, ताकि रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके तथा संबंधित चिकित्सा संस्थान को बुक क्लेम की राशि प्राप्त हो सके।

उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने पर जोर देते हुए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि इस कार्य हेतु साप्ताहिक रूप से आशा सहयोगिनियों की बैठक लेवे। इसकी ब्लॉकवार प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बीसीएमओ अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए जीरो डिलीवरी वाले चिकित्सा संस्थानों को नोटिस जारी कर वहां पर डिलीवरी करवाया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही टीकाकरण कार्य को निर्धारित लक्ष्यानुरूप कार्य पूर्ण करावे। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अन्तर्गत जिले की रैंकिंग का फीडबैक लेते हुए निर्देशित किया कि योजना की रैंकिंग सुधारने हेतु कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को पाबन्द करें कि समयबद्ध रूप में एंट्री करावे।

उन्होंने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी थानागाजी, गोविन्दगढ तथा टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन अभियान में 10 से कम चालान करने वाले चिकित्सा प्रभारियों को नोटिस देने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि कोटपा एक्ट की पालना सुनिश्चित करावे जिसके लिए शिक्षा, चिकित्सा व पुलिस विभाग से समन्वय रखते हुए नियमानुसार चालान की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कायाकल्प कार्यक्रम के सफल व सुचारू संचालन हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार कर गाइडलाइन के अनुसार समयबद्ध रूप में इसकी क्रियान्विति करावे तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम को भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थानों हेतु भूमि आवंटन का फीडबैक लेते हुए निर्देश दिये कि उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर कार्य में प्रगति लावे। उन्होंने निर्देश दिये कि 15 दिसम्बर से 15 जनवरी 2025 तक चलाए जाने वाले स्वास्थ्य आपके द्वार अभियान की पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करें।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. के.के मीणा, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. छबील कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम अलवर शिविर में रहे मौजूद पात्र लाभार्थियों को योजना का मिला लाभ



जयपुर टाइम्स

**मालाखेड़ा/अलवर(निसं.)।** उपखंड अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस अलवर प्रतीक शेखर जूईकर पंचायत समिति उमरैण मुख्यालय पर आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित रहे। जहां उनके निर्देशन में सरकार की ओर से विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु परिवार के पहचान प्रमाण-पत्र सहित अन्य योजना के प्राप्त आवेदन पत्र का निस्तारण किया। इसको लेकर इस संदर्भ में जुड़े परिवार ने पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया। अतिरिक्त विकास अधिकारी पप्पू राम यादव ने बताया सहायता शिविर के दौरान 11 आधार कार्ड बनाए गए एक जन आधार कार्ड बनाया गया पांच जाति तथा पांच मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए 48 घुमंतु परिवार के पहचान प्रमाण पत्र का वितरण किया गया इसके साथ ही एक पालनहार योजना का आवेदन प्राप्त हुआ तथा 56 लोगों को निशुल्क दवा वितरित की गई। उन्होंने बताया एसडीएम अलवर की मौजूदगी पूरे दिन रहने से सभी कर्मचारी उपस्थित रहे इसमें 127 आवेदन प्राप्त हुए 68 का निस्तारण कर दिया गया। वहीं 59 आवेदन प्रार्थना पत्र प्रक्रियाधीन है। पंचायत समिति उमरैण मुख्यालय पर आयोजित शिविर में सहायक विकास अधिकारी लल्लू राम, शिक्षा विभाग के सुनील कुमार, अलवर तहसीलदार सरपंच प्रतिनिधि महेश पटेल, सरपंच भवेंद्र पटेल सहित अन्य समाजसेवी भी मौजूद रहे।



## बीसीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर व बीपीओ विजय तिवाड़ी ने सघन निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनमं उप स्वास्थ्य केन्द्र सरूण्ड, पीएचसी कल्याणपुरा कलां व शुक्लावास का निरीक्षण किया। इस दौरान टीकाकरण, आभा आई.डी., ई.के.वाई.सी., साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण, वार्ड समेत अनेक व्यवस्थाओं की जांच की। साथ ही सीएचओ, एएनएम व आशाओं को नियमित रूप से लक्ष्य आवंटित कर आभा आई.डी. बनाने के निर्देश प्रदान किये। पीएचसी शुक्लावास पर सैक्टर बैठक में सम्मलित होकर सांस अभियान के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि यह अभियान 28 फरवरी 2025 तक चलाया जावेगा। अभियान के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया के लक्षणों के आधार पर पहचान की जायेगी जैसे (खांसी/बलगम, तेज सांस की गति/तीव्र श्वसन दर, पसलियां चलना व सांस लेने में परेषानी होना आदि लक्षणों के आधार पर पहचान कर, सिरप एमोक्सिसिलीन की प्री-रेफरल खुराक (मात्र एक खुराक देकर) का उपयोग कर तुरन्त चिकित्सा संस्थान पर रेफर किया जावेगा, रेफरल के पश्चात् फॉलोअप किया जावेगा।

बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सीएचसी एवं पीएचसी पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन 15 से 31 जनवरी तक किया जायेगा। जिसमें विषय विशेषज्ञ द्वारा सेवायें दी जावेगी। साथ ही टेलिकंसल्टेशन, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर एवं अंधता रोगी की स्क्रीनिंग कर उपचार किया जावेगा।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में कल आयोजित होंगी जागरूकता रैली

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि 7 दिसम्बर को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में 6 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली जाएगी एवं विभिन्न कॉलेजों, विद्यालयों व उद्योग व्यवसाय का भी दौरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमें मातृ भूमि के लिए सशस्त्र बलों द्वारा किए गए योगदान एवं सर्वोच्च बलिदान के लिए हमारे उत्तरदायित्व का स्मरण कराता है।

यह दिवस केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस दिन गौरव सैनानियों, शहीद वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ सहयोग राशि एकत्रित की जाती है।

## एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ रेड रिबन क्लब और एनएसएस तथा महिला नीति 2021 के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की छात्राओं ने एड्स जागरूकता सत्र में भी भाग लिया। शिविर का प्रारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा पोसवाल व प्रो. प्रिया खंगरावत तथा रेड रिबन क्लब के प्रो. विमल कुमार यादव, प्रो. यामिनी



यादव ने मुख्य वक्ता व अतिथि डॉ. मंजू आर्य व अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. आर पी गुर्जर का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शिविर का बौद्धिक सत्र प्राचार्य डॉ. आर पी गुर्जर की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। डॉ. मंजू मौर्य ने एड्स जागरूकता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. मौर्य ने एड्स के कारण, प्रसार, ईलाज और एड्स से संबंधित भ्रांतियों पर अपना उद्बोधन दिया। प्राचार्य डॉ. आर पी गुर्जर ने सामाजिक मनोवैज्ञानिक पहलुओं को केंद्र में रखकर नये सामाजिक-आर्थिक दौर में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां के संबंध में छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा महिलाओं के पर्सनल हाईजीन पर जानकारी दी। सत्र के अंत में चिकित्सक मंजू मौर्य ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्राओं के विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित सवालों के जवाब देकर ज्ञानवर्धन किया। संचालन करते हुये डॉ. जगराम गुर्जर ने वैश्वीकरण के दौर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महामारियों के प्रसार होने से भावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुये छात्राओं को जागरूक रहने का आह्वान किया। स्वागत भाषण प्रो. प्रतिभा पोसवाल ने दिया। प्रो. यामिनी यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. कमलेश यादव समेत महाविधालय स्टॉफ व स्वयंसेविकायें मौजूद रही।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** राज्य सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सुगमता एवं सुलभता के साथ उपलब्ध कराने के लिये सदैव प्रतिबद्ध है। हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिये राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जावेगा। सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत ने बताया की यह शिविर चिकित्सा विभाग, आयुर्वेद, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आपसी समन्वय एवं सहयोग से 15 दिसम्बर से 31 जनवरी तक आयोजित किये जायेगें। शिविर में आयुष पद्धति के माध्यम से रोगों का निदान एवं उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा टेलिकंसल्टेशन, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर एवं अंधता रोगी की स्क्रीनिंग की जायेगी। साथ ही शिविर में एम्बुलेंस के माध्यम से उच्च संस्थान पर ले जाकर उपचारित किया जावेगा तथा शिविर में 37 प्रकार की जांच सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी।

## सात दिवसीय व्यावसायिक बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)।** निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर बुधवार को सात दिवसीय व्यावसायिक बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन कृषि महाविधालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. मनोहर की अध्यक्षता में हुआ। डॉ. एस.एस. मनोहर ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि कार्यक्रम में सात दिन बकरी पालन का जो प्रायोगिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण लिया है और जो सीखा है उसको बकरी पालन करके आप फायदा ले सकते हैं। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जितना हो जागरूक करें। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ले. कर्नल डॉ. सुपर्ण सिंह शेखावत ने बताया कि सात दिन व्यावसायिक बकरी पालन पर रोजाना अलग-अलग व्याख्यान विभिन्न वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों के द्वारा दिये गये। जिनमें प्रायोगिक प्रशिक्षण पर ज्यादा




जोर दिया गया। जैसे-बकरियों का टीकाकरण, दवाईयां देना, सर्दियों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताना, व्यावसायिक बकरी पालन के फायदे, आवास प्रशिक्षण व बकरी पालन और कृषि से संबंधित सभी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। ले. कर्नल डॉ. सुपर्ण सिंह शेखावत ने अवगत कराया कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान बकरी की फार्मो की एक्सपोजर भ्रमण भी कराया गया। केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रामप्रताप यादव ने पूरे सात दिन के कार्यक्रम विवरण के बारे में बताया, जैसे कि नाबार्ड से ऋण संबंधी विशेषज्ञ को व्याख्यान के लिये बुलाना एवं बकरियों के लिये वर्ष भर हरा चारा उत्पादन करने की तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया एवं व्यावसायिक बकरी पालन प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सहयोग के लिये केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रेणू कुमारी गुप्ता ने बकरियों की बीमारियों एवं परजीवियों के बारे में बताया तथा युवा महिला प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि बकरी पालन करके भविष्य में आर्थिक रूप से स्वावलम्बी हो सकती हैं। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सरदारमल यादव ने पशु प्रजनन से संबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम के अध्यक्ष, वरिष्ठ वैज्ञानिक, अध्यक्ष व मंच पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
05 दिसम्बर, 2024

## महाविद्यालय में जस्ट ए मिनट एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निसं.)** राजकीय महाविद्यालय कोटखावदा जयपुर में 4 दिसंबर को महिला प्रकोष्ठ के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के द्वितीय दिन जस्ट ए मिनट एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिनमें जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता में जितेंद्र मीणा प्रथम, इन्द्रराज मीणा द्वितीय एवं आयशा खत्री तृतीय स्थान पर रहे। एवं रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप-द्ध्द्ध की खुशी सैन, आरती सैनी और खुशी शर्मा प्रथम स्थान, आचू जूनीवाल द्वितीय एवं ग्रुप-द्ध की खुशी सैनी, कोमल, मनीषा व अनीता तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. शिप्रा वर्मा, संयोजक बिन्नी साहू प्रोफेसर रामकुमार देवांगन, डॉ. प्रीतम राज, डॉ. प्रकाश चंद, डॉ. सत्यनारायण चौधरी, सचिन कुमार एवं अरविंद सैनी आदि दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में रहे। प्राचार्य शिप्रा वर्मा ने सभी विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने दोनों प्रतियोगिताओं में बढ़- चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।




## डॉ. आर एस जाखड़ यंग अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के बाइपास मार्ग स्थित जेडी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को सीकर जिले में सर्वश्रेष्ठ24 घंटे चिकित्सा सेवाएं देने पर जयपुर स्थित एक कार्यक्रम में राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय और अधिकारीत विभाग ने जेडी हॉस्पिटल सम्मानित किया गया। जानकारी अनुसार जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय और अधिकारिकता विभाग ने जेडी हॉस्पिटल के डॉ आरएस जाखड़ सहित उनकी टीम को यंग अलीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## छात्रा सपना सैनी का राष्ट्रीय कार्यक्रम 'प्रेरणा' में हुआ चयन ,किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)** ।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरा ,पावटा में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित प्रेरणा एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के कोटपूतली बहरोड जिले के प्रतिनिधि के रूप में कक्षा 12 की छात्रा सपना सैनी एवं मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में श्रीमती अर्पणा अग्रवाल का चयन हुआ 7 उनके सम्मान व उत्साहवर्धन हेतु बुधवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया 7 इस दौरान साफा व माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर शुभकामनाएं दी गई7 कार्यक्रम में जोधपुरा ग्राम के सरपंच प्रहलाद मांठ, पूर्व सरपंच बंशीलाल गेट, झांजू राम मौर्य ,कल्याण सिंह शेखावत, मुकेश वर्मा, राकेश सामोता, मनोज स्वामी,प्रधानाचार्य भागीरथ मल कुलदीप ,उपप्राचार्य विक्रांत सिंह, वरिष्ठ अध्यापक हनुमान सहाय कुमावत सहित विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक बजरंग सिंह शेखावत द्वारा किया गया7 इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका अर्पणा अग्रवाल ने बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम कक्षा 9 से 12 तक के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है यह छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक और प्रेरणादायक शिक्षण कार्यक्रम है यह सर्वश्रेष्ठ इन क्लास तकनीक है जहां विरासत नवाचार से मिलती है उन्होंने प्रेरणा कार्यक्रम के 9 मूल्य के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, आयुक्त रूकमणि रियाड़ एवं चैयरमेन विनोद चौधरी ने वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



### गैराज शाखा के बेड़े में सम्मिलित हुये 6 हॉपर वाहन, 2 गोबलर मशीन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, आयुक्त रूकमणि रियाड़ एवं चैयरमेन विनोद चौधरी ने बुधवार को 6 हॉपर वाहन, 2 गोबलर मशीन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर समय के साथ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहा है। इसलिये आज गैराज के बेडे में नये वाहन सम्मिलित किये गये है। जिसमें 06 हॉपर वाहन, 02 गोबलर मशीन सम्मिलित की गई।

# सर्व हिंदू समाज ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली



### बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला

जयपुर टाइम्स

**चौमू (निसं.)।** शहर के बस स्टैंड स्थित गढ़ गणेश मंदिर से बुधवार को सर्व हिंदू समाज के लोग एकत्रित होकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सभी हिंदूवादी संगठनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला कार्यवाह आरएसएस एडवोकेट हरफूल घोसल्या ने बताया कि आज सर्व हिंदू समाज की ओर से बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है क्योंकि बांग्लादेश में हिंदूवादी धर्म के मानने वाले लोगों हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है और उनके घरों को लूटा जा रहा है तथा आस्था के केंद्र मंदिरों में तोड़फोड़ वह आगजनी की घटनाएं की जा रही है। इसके अलावा इस्कॉन के स्वामी चेतन दास को देश द्रोह का आरोप लगाकर गिरफ्तारी किया गया तथा उनके वकील पर भी जानलेवा हमला किया गया। जिससे वहां रहने वाले हिंदू समाज के लोगों मे एक भय का माहौल उत्पन्न हो रखा है तथा उनकी जान माल को खतरा हो रहा है आदि कृत्य वहां सनातन धर्म के खिलाफ किया जा रहे है। इसी के विरोध में सर्व हिंदू समाज चौमू में आक्रोश रैली का आयोजन किया। सभी हिंदूवादी संगठनों के लोग गढ़ गणेश मंदिर से एकत्रित होकर थाना मोड चौराहे पर बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाया तथा महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से बताया कि इस बर्बरतापूर्वक कार्यवाही के खिलाफ भारत सरकार कड़ा से कड़ा एक्शन ले और वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को तुरंत प्रभाव से बंद करने के लिए प्रभावी रूप से कार्यवाही करें। इस अवसर पर रामरतन सैनी, सूर्य कुमावत, विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री राजेश यादव, विभाग मंत्री परमजीत यादव, प्रखंड मंत्री एडवोकेट जितेंद्र सिंह बिजावत, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, दुष्यंत शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, सुरेश गोदारा, राजेश गोरा, बंशीधर यादव, पुष्पेंद्र अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, अमित अग्रवाल, रामावतार कुलदीप, बजरंग दल संयोजक मनीष गवारिया, सह संयोजक समीर चौधरी, संपर्क प्रमुख अनुराग अग्रवाल, प्रचार प्रमुख गोविंद पारीक, सह मंत्री डॉ. सीताराम कुमावत, मेहुल अग्रवाल आदि हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध खनन को लेकर आंधी थाना पुलिस की कार्यवाही

### पुलिस की कार्रवाई से बजरी व पत्थर खनन माफिया में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़ (निसं.)**जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की जिले में अवैध खनन व बजरी माफिया के खिलाफ कार्रवाई के विशेष अभियान के तहत रजनीश पूनिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण व सी ओ वृत्त जमवारामगढ़ प्रदीप यादव के निकट सुपरविजन में तथा जयप्रकाश मील उप निरीक्षक एवं अवैध पत्थर खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली व बनास नदी से अवैध बजरी खनन कर लाते हुए 73 टन बजरी से भरे ट्रेलर को जब्त किया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक राजेन्द्र कुमार पुत्र नेनू राम मीणा उम्र 29 साल निवासी थली पुलिस थाना आंधी व ट्रेलर चालक बसराम गुर्जर पुत्र लादूराम गुर्जर उम्र 24 साल पुलिस थाना दत्तवास जिला टोंक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना आंधी में




थानाधिकारी पुलिस थाना आंधी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आसूचना संकलन कर कार्रवाई करते हुए बुधवार को अल सुबह अवैध खनन सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस की कार्रवाई से बजरी व पत्थर खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

## बीसीएमएचओ ने ली आशा सहयोगिनी व एएनएम की बैठक

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़ (निसं.)।** उपखंड क्षेत्र जमवारामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नायला पर बुधवार को जमवारामगढ़ ब्लॉक प्रभारी डॉ.एन.के. कोठीवाला की उपस्थिति में मंजरी संस्थान-यूनिसेफ के ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सिंह द्वारा बच्चों के टीकाकरण को शत प्रतिशत बनाने को लेकर आशा सहयोगिनी और एएनएम को कम्युनिकेशन प्लान के बारे में जानकारी दी गई और दिसंबर माह का कम्युनिकेशन प्लान तैयार करवाया गया। बीसीएमएचओ डॉ. एन के कोठीवाला द्वारा सभी को सख्त निर्देश दिए कि 8 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले पोलियो अभियान में 5 वर्ष तक के सभी बच्चो को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये। जमवारामगढ़ ब्लॉक में 5 साल तक का एक भी बच्चा छूटे नहीं।



नरेंद्र सिंह ने बताया की कम्युनिकेशन प्लान में अनेक गतिविधियां शामिल हैं जिनकी सहायता से आशाओं को समाज में लोगो से जुड़े रहकर काम करने ओर लोगो को टीकाकरण के बारे में जानकारी देने में सहायता मिलेगी।इन गतिविधियों द्वारा लोगों को टीकाकरण के महत्व को समझाने में मदद मिलेगी। कम्युनिकेशन प्लान में सामुदायिक बैठक, माता बैठक, स्वयं सहायता समूह के साथ बैठक, गृह भ्रमण जैसी अन्य गतिविधियां शामिल है।

## अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में व्याख्यान का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चौमू(निसं.)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (राजस्थान) उच्च शिक्षा की स्थानीय इकाई राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौमूं में पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अखिल भारतीय प्रकाशन प्रकोष्ठ प्रमुख एवं शैक्षिक मंथन के सम्पादक प्रो. शिवशरण कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के इतिहास में पुण्य श्लोका लोकमाता, राजमाता अहिल्याबाई होलकर का भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्त्वपूर्ण स्थान है । उनके शिक्षा दर्शन, समाज चिंतन, आर्थिक चिंतन , कौशल विकास तथा समरसता के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा महिला शिक्षा, वंचित वर्ग तथा आर्थिक रूप से अभावग्रस्त बच्चों की शिक्षा के लिए खोले गए संस्थान तथा उनके द्वारा दी गयी आर्थिक सहायता उल्लेखनीय है।

उन्होंने भारत के चारों ओर स्थापित धार्मिक स्थलों , नदियों के किनारे बने घाटों, शिक्षण संस्थाओं, धर्मशालाओं ,सड़कों, नहरों, जलाशयों आदि का निर्माण करवा कर अपने राज्य ही नहीं बल्कि समूचे देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दिया।उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर के शुचितापूर्ण तथा महान जीवन दर्शन से हमारे राजनीतिज्ञों ,शिक्षकों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों आदि को शिक्षा ग्रहण करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में दौसा जिला सचिव डॉ सुरेश कुमार शर्मा ने विषय प्रवर्तन करते हुए संगठन की रीति -नीति एवं विचारात्मक कार्यक्रमों के आयोजनों पर अपने विचार प्रकट किये।उन्होंने अहिल्याबाई होलकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन वर्तमान में समाज- जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रासंगिक है। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ उषा परनामी ने राजमाता अहिल्याबाई के जीवन से छात्राओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक सामान्य परिवार से राजमाता बनने तक की जीवन यात्रा सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके जीवन संघर्ष को अपना कर विद्यार्थी भी अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। सहायक आचार्य भगवान सहाय शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सह आचार्य एवं स्थानीय इकाई सचिव डॉ चन्द्र मोहन राजोरिया ने किया। महाविद्यालय के आचार्य डॉ मीनाक्षी जैन, डॉ हेमलता आकोदिया, शमशेर खान, डॉ माधुरी गोस्वामी, डॉ हंसा लुणायच, डॉ सुरेश कुमार वर्मा, डॉ उमेश कुमार, डॉ रामधन सैनी, डॉ रीना शक्तावत, नीलम शर्मा, अजय कुमार, कमल श्योरान, शिव सैनी सहित छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सर्व हिंदू समाज द्वारा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़ (निसं.)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार को सर्व हिंदू समाज जमवारामगढ़ द्वारा उपखंड अधिकारी जमवारामगढ़ ललित मीना को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बांग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यन्त चिन्ताजनक है। सर्व हिन्दू समाज जमवारामगढ़ इसकी भर्त्सना करता है।वर्तमान में बांग्लादेश सरकार तथा अन्य ऐजेंसियां इसे रोकने की जगह केवल मूक दर्शक बनी हुई है। व्यवस्थावश बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा स्वरक्षण हेतू लोकतांत्रिक



पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने हेतू उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी संत चिन्मय कृष्णदास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है।सर्व हिन्दू समाज जमवारामगढ़ राष्ट्रपति से यह मांग करता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार बंद हो तथा स्वामी चिन्मय सागर कृष्णदास को अविलंब जेल से रिहा करें। सर्व हिन्दू समाज भारत सरकार से मांग करता है कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करें तथा चिन्मय कृष्णदास को कारावास से मुक्त करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान बडी संख्या में सर्व हिन्दू समाज के लोग मौजूद रहे।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
05 दिसम्बर, 2024

## सुविचार

कागजों को एक साथ जोड़े रखने वाली पिन ही कागजों को चुभती है, उसी प्रकार परिवार को भी वहीं व्यक्ति चुभता है जो परिवार को जोड़ के रखता है।

## संपादकीय .....

# बांग्लादेश: कैसे होगी शांति स्थापित?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, भारतीय ध्वज के अपमान और भारतविरोधी भावनाओं में बढ़ोतरी के मद्देनज़र अब बहुत जरूरी हो गया है कि वहां 'शांति स्थापित' करने के लिए कुछ सख्त कदम उठाए जाएं। उसकी अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस तो कागजी शेर ही साबित हुए। अगर वे शांति लाने के इच्छुक होते तो उनकी कोशिशों का अब तक कुछ असर जरूर नजर आता। वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं के बाद भारत सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। सरकार की ओर से ऐसे बयान आए हैं, जिनमें पड़ोसी देश के हालात पर गहरी चिंता जताई गई है। यूनुस इन बयानों की गंभीरता भलीभांति जानते हैं, लेकिन उन्हें कोई परवाह नहीं है। बांग्लादेश में 'हिंदूविरोध' के साथ ही 'भारतविरोध' जोरों पर है। वहां कट्टरपंथियों में होड़ मची है कि किसी तरह भारत के खिलाफ बयान देकर 'क्रांतिकारी' होने का तमगा हासिल किया जाए! इन हरकतों को भारत सरकार देख रही है और भारतवासी भी देख रहे हैं। दरअसल बांग्लादेशी अपने जीवन की सबसे बड़ी भूल कर रहे हैं। क्या वे नहीं जानते कि उनके देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक भारत पर निर्भर करती है? अगर भारत मुंह फेर लेगा तो बांग्लादेश की वही दुर्गति होगी, जो पाकिस्तान की हो चुकी है। यह न भूलें कि कुछ महीने पहले तक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू भी बड़े तीखे तेवर दिखा रहे थे। उसके बाद जैसे ही भारतवासियों ने 'बहिष्कार' की घोषणा की, मुइज्ज़ू को आटे-दाल का भाव मालूम हो गया। अब उनके मिजाज में बदलाव आ चुका है। उनके शब्दों से भारत के प्रति आत्मीयता टपकने लगी है। हालांकि सब जानते हैं कि मुइज्ज़ू अंदर से अब भी घोर भारतविरोधी हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ बयानबाजी इसलिए बंद कर दी, क्योंकि वे समझ गए कि दिल्ली के सहयोग के बिना उनका काम नहीं चलने वाला।

भारत और भारतवासियों की ताकत का एहसास बांग्लादेश को कराना जरूरी है। हमें इस बात का और इंतजार नहीं करना चाहिए कि ढाका में यूनुस और उनकी मंडली का हृदय-परिवर्तन हो जाएगा। इस सिलसिले में 'ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन' (एटीएचआरओए) द्वारा बांग्लादेशी पर्यटकों को अपनी सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने का निर्णय लिया जाना स्वाभाविक है। भारत में कुछ डॉक्टरों की इस बात को लेकर आलोचना हो रही है कि उन्होंने बांग्लादेशियों का इलाज करने से इन्कार कर दिया। यहां डॉक्टरों की भावनाओं को समझना जरूरी है। कोई व्यक्ति ढाका में मंदिरों का अपमान करे, हिंदुओं का उत्पीड़न करे, तिरंगे की मर्यादा से खिलवाड़ करे और भारतविरोधी विचारों को बढ़ावा दे, लेकिन इसके साथ यह उम्मीद भी रखे कि जब वह कोलकाता आए तो यहां भारतीय उसका स्वागत फूल मालाओं से करना अपना कर्तव्य समझें! यह नहीं हो सकता। भारतीय डॉक्टरों ने अनगिनत बांग्लादेशी मरीजों का इलाज किया है। वे भविष्य में भी इसके लिए तैयार हैं। बस, बांग्लादेशियों को 'मनुष्य' की तरह व्यवहार करना होगा। उन्होंने अपने देश की सड़कों पर जो हुड़दंग मचा रखा है, उसके लिए यह न समझें कि भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी। बेशक हम शांतिप्रिय लोग हैं। हम सभी बांग्लादेशियों के लिए अच्छी भावनाएं रखते हैं। हम चाहते हैं कि बांग्लादेश में खुशहाली आए, विकास हो। इसके साथ हम यह भी चाहते हैं कि बांग्लादेश के लोग भारतवासियों के लिए अच्छी भावनाएं रखें। अगर बांग्लादेशी यह सोचते हैं कि वे भारतविरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते रहेंगे और दिल्ली से उनकी तरफ 'मिठाइयां' आती रहेंगी, तो अब ऐसा संभव नहीं है। जिस दिन भारत ने बिजली कटौती कर दी, जरूरी चीजों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया या कीमतें बढ़ा दीं, परस्पर सहयोग बंद कर दिया, भारतवासियों ने आर्थिक बहिष्कार कर दिया तो बांग्लादेश छह महीने भी नहीं चल पाएगा। उस सूरत में यूनुस को हुड़दंगियों के खिलाफ मजबूरन बलप्रयोग करना होगा। सख्त कार्रवाई हो तो पूरा बांग्लादेश एक हफ्ते में 'सही लाइन' पर आ सकता है।

## ट्वीटर टॉक



आज सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों व विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से पधारे भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन की समस्याएं जानी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

-दीया कुमारी



लखनऊ में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओं एवं महानुभावों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से अलंकृत तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम छात्रवृत्ति का वितरण भी किया गया।

-योगी आदित्यनाथ



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरा कोटिशः नमन। उनके अद्वितीय कौशल और समर्पण ने भारत को विश्व हॉकी में एक नई पहचान दिलाई। उनकी खेल प्रतिभा और उपलब्धियां देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेंगी।

-गोविंद सिंह डोटासरा

## प्रेरक प्रसंग

# समाज सेवा के लक्ष्य

दीनदयाल उपाध्याय एक छोटे से गांव में यात्रा पर थे। एक दिन एक युवा कार्यकर्ता ने उन्हें पूछा, 'आप हमेशा कहते हैं कि समाज की असली सेवा उस व्यक्ति तक पहुंचने में है, जिसे सबसे अधिक सहायता की जरूरत है। लेकिन क्या हम ऐसे लोगों तक पहुंचने के लिए अपने संसाधनों को सही तरीके से इस्तेमाल कर पा रहे हैं?' दीनदयाल उपाध्याय बोले, 'समाज की सेवा का मतलब सिर्फ भव्य योजनाएं बनाना या बड़े कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है। असली सेवा तब होती है जब हम हर उस व्यक्ति की मदद करते हैं, जो खुद अपनी मदद नहीं कर सकता। यह हमारे काम का असली उद्देश्य होना चाहिए- न केवल बड़े उद्देश्यों के पीछे भागना, बल्कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना और प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति को समझना।' युवा कार्यकर्ता ने पूछा, 'लेकिन हम कैसे जान सकते हैं कि हमें किसे मदद देनी चाहिए?' दीनदयाल उपाध्याय ने उत्तर दिया, 'जब तुम किसी को देखो, तो उसे केवल एक व्यक्ति न समझो। उसे उसकी जरूरतों, उसकी परिस्थितियों और उसकी समस्याओं के साथ देखो। अगर तुम यह समझ पाओ कि वह क्या महसूस करता है, तो सेवा अपने आप सामने आएगी।

## सामयिक



**यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्रोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती।**

# निरंतर मजबूत हो रही है भारतीय नौसेना

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।

भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं।

बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

## नजरिया

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?

**आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की ऊंच रोशनी की मीनारें है। कांग्रेस ने इनके दमन का ही सिलसिला जारी रखा। इस तरह इतिहास का मिथ्याकरण और देश की नई पीढ़ी को उनके पूर्वजों के वास्तविक अनुभवों को जानने से वंचित रखना हर हाल में गलत है, त्रासद है, विडम्बनापूर्ण है। कठोर वास्तविकताएं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भारत का यथार्थ है तो अप्रिय प्रवृत्तियां, विभाजनकारी सोच एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का विध्वंस भी बड़ा यथार्थ है। मुगल शासक हो या अंग्रेजी शासक या आजादी के बाद की सरकारें -राजनीतिक उद्देश्यों एवं वोट की राजनीति के चलते मुस्लिम तुष्टीकरण को अपनाया। यही कारण है कि भारत पर अन्याय-अत्याचार करने एवं आक्रांता बन देश को लुटने वालों को हमने हीरो बनाया और उनके नाम पर प्रमुख मार्गों का नामकरण किया, पाठ्य-पुस्तकों में उनको महिमामंडित किया।**

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे?

इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेडछाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निर्माता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है।

भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खडे होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया। लेकिन इन ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का अवकाश तो हमेशा से रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है। अर्थात चाहे अन्याय' कितना भी बड़ा हो, अदालत न्याय' से अधिक 'शांति-सद्भावना' को वरीयता देगी। देरसबेर न्याय होता हुआ देखा भी गया है, अयोध्या में बना श्रीराम मन्दिर इस का उदाहरण है।

आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की ऊंच रोशनी की मीनारें है। कांग्रेस ने इनके दमन का ही सिलसिला जारी रखा। इस तरह इतिहास का मिथ्याकरण और देश की नई पीढ़ी को उनके पूर्वजों के वास्तविक अनुभवों को जानने से वंचित रखना हर हाल में गलत है, त्रासद है, विडम्बनापूर्ण है। कठोर वास्तविकताएं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भारत का यथार्थ है तो अप्रिय प्रवृत्तियां, विभाजनकारी सोच एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का विध्वंस भी बड़ा यथार्थ है। मुगल शासक हो या अंग्रेजी शासक या आजादी के बाद की सरकारें -राजनीतिक उद्देश्यों एवं वोट की राजनीति के चलते मुस्लिम तुष्टीकरण को अपनाया। यही कारण है कि भारत पर अन्याय-अत्याचार करने एवं आक्रांता बन देश को लुटने वालों को हमने हीरो बनाया और उनके नाम पर प्रमुख मार्गों का नामकरण किया, पाठ्य-पुस्तकों में उनको महिमामंडित किया। लेकिन यहां लंबे समय से इतिहास और वर्तमान के अप्रिय प्रसंगों पर चुप्पी की परंपरा बनी हुई है। अब यह चुप्पी टूट रही है तो निश्चित ही दूध का दूध एवं पानी का पानी होकर रहेगा। भारत अपनी समृद्ध विरासत को पुनः नये शिखर पर स्थापित कर पायेगा। मस्जिदें हो या अन्य ऐतिहासिक धरोहर -उनके झूठे इतिहास एवं तथ्यों और उनके तमाम प्रचलित निष्कर्ष निराधार हैं, भ्रामक है, बेबुनियाद है, जिन्हें राजनीतिक उद्देश्य से प्रचारित किया गया। जबकि सच्ची बातों और कटु स्मृतियों का दमन हुआ। हालांकि ऐसी स्मृतियां मिटती नहीं, वे तो ज्वालामुखी होकर फटती हैं, सच को सामने लाती है।

बालीवुड जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
5 दिसंबर, 2024



# राम चरण की फिल्म आरसी16 में हुई दिव्येंदु की एंट्री

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण अपनी आगामी फिल्म आरसी16 (अस्थाई नाम) को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के नजर आने की चर्चा बीते कुछ समय से काफी ज्यादा चल रही थी। इस बीच इस फिल्म में अब एक और सितारे की एंट्री हो गई है। वेब सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना भैया का किरदार निभाने वाले दिव्येंदु अब राम चरण के साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

## फिल्म में हुई मुन्ना भैया की एंट्री

हाल ही में निर्माताओं ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी फैंस के साथ साझा की है। वृद्धि सिनेमाज के आधिकारिक एक्स पेज पर दिव्येंदु के फिल्म में काम करने की पुष्टि की गई है। साथ ही, निर्माताओं ने यह भी जानकारी दी है कि फिल्म में उनके लिए खास तरह का किरदार तैयार किया गया है।

## निर्माताओं ने दी जानकारी

इस एक्स पोस्ट में दिव्येंदु खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता के फोटो के साथ पोस्ट में लिखा है, हमारे पसंदीदा मुन्ना भैया, उनके लिए खास तौर पर तैयार की गई शानदार भूमिका में बड़े पर्दे पर छाएंगे। इस पोस्ट पर लोग काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए और उन्होंने दिव्येंदु को राम चरण के साथ पर्दे पर देखने की अपनी उत्सुकता व्यक्त की। निर्देशक ने किया खास अंदाज में स्वागत फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने भी फिल्म में उनकी एंट्री पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारे और आपके भैया....मुन्ना भैया...फिल्म में आपका स्वागत है...आइए धमाल मचाते हैं।

## स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है आरसी 16

आरसी 16 की बात करें तो इसे एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म माना जा रहा है। हाल ही में मैसूर जाते हुए राम चरण की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। कथित तौर पर आरसी 16 की शूटिंग 22 नवंबर को मैसूर में शुरू हुई थी। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। बुची बाबू सना रंगस्थलम और उप्पेना जैसी शानदार फिल्में लिख चुके हैं। यही वजह है कि फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।



# पति पत्नी और वो 2 में नजर आ सकती हैं रवीना टंडन



कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर का आक आमव्या पांडे की फिर पति पत्नी और वो को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म 6 दिसंबर 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 86.89 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था। पति पत्नी और वो के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब खबर आ रही है कि फिल्म की स्टार कास्ट में रवीना टंडन भी शामिल हो सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... पति पत्नी और वो 2 में मुख्य भूमिका निभाने लिए निर्माताओं ने रवीना से संपर्क किया है। फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज और रवीना के बीच बातचीत जारी है। इस फिल्म में रवीना एक बोल्ड महिला का किरदार निभाएंगी, जो कार्तिक के जिंदगी में उलझन पैदा करती है। यह कार्तिक और रवीना के बीच पहला सहयोग होने वाला है। फिलहाल इस खबर की ऑफिशियल पुष्टि होना बाकी है। पति पत्नी और वो 2 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि अगले साल की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।



# छावा की बदली रिलीज डेट
## पुष्पा 2 - द रूल से नहीं होगा क्लैश

विक्की कौशल की फिल्म छावा की रिलीज डेट बदल गई है। दिलचस्प है कि मेकर्स ने यह फैसला तब लिया है, जब हफ्ते भार बाद ही यह सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी छावा पहले 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2- द रूल से होने वाली थी। लेकिन अब फिल्म को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। मेकर्स ने घोषणा की है छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। वैसे, दिलचस्प यह है भी है कि रिलीज की यह नई तारीख विशेष महत्व रखती है, क्योंकि 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी छावा में विक्की कौशल मराठा योद्धा-राजा छत्रपति संभाजी की भूमिका निभाएंगे। छावा में विक्की कौशल के अलावा अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम और संतोष जुवेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण हुआ है।



# आप जैसा कोई है होगा माधवन-फातिमा की फिल्म का नाम

भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता और निर्देशक करण भाजन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में आर माधवन और फातिमा सना शेख की जोड़ी नजर आएगी। यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार परदे पर साथ नजर आने वाले हैं। अब माधवन और फातिमा की फिल्म के शीर्षक से परदा उठ गया है। यह एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी रखा गया है, लेकिन इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार... माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी नहीं, बल्कि आप जैसा कोई है है, जिसके निर्देशन की करण ने विवेक सोनी को सौंपी है। राधिका आनंद और जहान हांडा ने इस फिल्मी कहानी लिखी है। यह फिल्म एक लव स्टोरी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हालांकि यह प्रेम कहानी थोड़ा हटके होगी। माधवन फिल्म में एक उम्रदराज आदमी के किरदार में होंगे, वहीं फातिमा एक युवा लड़की की भूमिका में होंगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। धर्मा प्रोडक्शंस का नेटफ्लिक्स से गहरा नाता रहा है।

# पुष्पा 2 के लिए उत्साहित हैं रश्मिका मंदाना

**अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने गुरुवार को इफ्फी गोवा के 55वें संस्करण में पुष्पा 2 फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म का सीक्वल गुरुवार को रिलीज होने वाला है। फिल्म पुष्पा- द राइज काफी भावुक करने वाली कहानी रही है।**

पुष्पा 2- द रूल में तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का सेट रश्मिका के लिए घर की तरह ही था। उन्होंने कहा, फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद वे थोड़ी परेशान हो गई थीं। फिल्म के दूसरे हिस्से की रिलीज को लेकर रश्मिका बहुत ही उत्साहित हैं।

5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है पुष्पा 2 फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फाजिल भी नजर आने वाली है। उन्होंने कहा, मैं पिछले सात-आठ सालों से इंडस्ट्री में हूं, जिनमें से पांच साल मैं पुष्पा के सेट पर रही हूं। मेरे लिए पुष्पा मेरा घर है।

अभिनेत्री ने कहा, मैं दुनिया में कहीं भी जाती हूं, मैं पुष्पा के सेट पर वापस घर लौटती हूं। मेरे लिए, यह मेरे दिमाग में अवचेतन रूप से चलता रहता है कि मैं दुनिया में कहीं भी जाऊं, मैं वापस घर आऊंगी। यह थोड़ा दुखद है लेकिन साथ ही मैं एक अभिभूत स्थिति में हूं, जहां मुझे नहीं पता कि वास्तव में क्या महसूस करना है। मैं दुखी हूं लेकिन साथ ही मैं उत्साहित भी हूं।

## पुष्पा 2 को लेकर बोलीं रश्मिका

रश्मिका ने कहा, आप सोच रहे होंगे कि पुष्पा 2 पूरी तरह से एक्शन से भरपूर फिल्म होगी, लेकिन यह बेहद भावनात्मक है। इसमें एक पारिवारिक पहलू भी है, जो कि अधिकांश भाग में है। इसलिए जितना आप पुष्पा के स्वैग और एक्शन का इंतजार कर रहे हैं, उतना ही भावनात्मक ड्रामा का भी इंतजार कर रहे हैं। यह सब कुछ का मिश्रण होने जा रहा है।

# शाहिद कपूर की आगामी एक्शन फिल्म के लिए उत्साहित हैं विद्या बालन

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म देवा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रोशन एंड्र्यूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीम द्वारा फिल्म की रिलीज डेट हाल ही में साझा की गई है, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ गया है। वहीं अब विद्या बालन ने अपने सोशल मीडिया पर इस थ्रिलर को बड़े पर्दे पर देखने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। पहले शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्म देवा 14 फरवरी 2025 को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन, टीम ने फिल्म की बड़े पर्दे पर रिलीज की तारीख को बदलकर 31 जनवरी 2025 कर दिया है, जिससे दर्शकों का इंतजार कम हो गया है। टीम द्वारा घोषणा किए जाने के तुरंत बाद, विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे रीपोस्ट किया। उन्होंने आगे अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए लिखा, येय बहुत उत्साहित हूं। अरे देवा, 31-01-25 का इंतजार नहीं कर सकती। इस फिल्म का निर्माण विद्या के पति और फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। फिल्म की नई तारीख के बारे में टीम द्वारा आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, बैठ जाइए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है! देवा आपके सोचने से भी पहले आ रहा है- 31 जनवरी, 2025! प्रचार वास्तविक है, ऊर्जा उम्मीद से ऊपर है, और हम आपको उम्मीद से पहले इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को लाने के लिए उत्साहित हैं! अपने कैलेंडर को चिह्नित करें और एक दिल-धड़कन वाले अनुभव के लिए तैयार हो जाएं जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे! ऐसा नहीं है कि सिर्फ देवा को ही नई रिलीज डेट मिली है। विक्की कौशल की फिल्म छावा अब 6 दिसंबर, 2024 के बजाय 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एंटरटेनर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की है।





# विक्की कौशल ने पत्नी कैटरीना कैफ को क्यों कहा सूबेदार?

विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ की तारीफ करते नहीं थकते। अक्सर अभिनेता अपने अभिनय कौशल या डांस मूव्स के लिए अभिनेत्री को श्रेय देते नजर आते हैं। लेकिन इस बार, उन्होंने अपने स्टाइल का श्रेय उन्हें दिया है। छावा अभिनेता ने हाल ही में एक इवेंट के रेड कार्पेट पर रैंप वॉक किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे कैटरीना उनके वॉर्डरोब की जिम्मेदारी संभालती हैं, जिससे वह कपड़े बदलकर थोड़ा प्रेजेंटेबल दिखते हैं। उन्होंने पत्नी कैटरीना को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार बताया और साझा किया कि कैटरीना उन्हें अक्सर कार्यक्रमों के लिए कपड़े चुनने में मदद करती है। जब विक्की कौशल से उनके पहनावे की पसंद के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुद को फैशन हैंडिकैप्ड बताया और साझा किया कि आकर्षक और प्रेजेंटेबल दिखने के लिए वह अपनी टीम पर निर्भर हैं। विक्की कहते हैं, मैं वास्तव में एक फैशन हैंडिकैप्ड इंसान हूं। मैं खुद को थोड़ा प्रस्तुत करने योग्य बनाने के लिए अपनी स्टाइल टीम पर भरोसा करता हूं।

## पत्नी को बताया स्टाइल टीम का सूबेदार

जब उनसे पूछा गया कि क्या कैटरीना कभी किसी कार्यक्रम में जाने से पहले उनसे अपना पहनावा बदलने के लिए कहती हैं, तो अभिनेता ने तुरंत कहा, हां, निश्चित रूप से वह स्टाइल टीम की सूबेदार हैं। सिर्फ विक्की ही नहीं कैटरीना भी अपने पति विक्की की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़तीं।

## कैटरीना भी बांध चुकी हैं पति की तारीफों के पुल

इस साल की शुरुआत में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने उन दिनों के बारे में बात की थी जब उन्हें अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और उन्हें अपनी असुरक्षाओं से निपटने के लिए आश्वासन की जरूरत थी। वह याद करती हैं कि कैसे उनके पति उन्हें खुद के साथ नम्र रहने की याद दिलाने में मदद करते थे।

# 'महायोगी' 13 दिसम्बर को सिनेमाघरों में

ईश्वर ने बड़े प्रेम से मानव जाति को बनाया है और इंसानों में वह अपने ही प्रेम की छवि तलाश करते हैं। आज हर तरफ शैतानी ताक़तें सर उठाती ही जा रही है। इंसान भूल चुका है कि वह साक्षात ईश्वर का ही स्वरूप है। ऐसे में महायोगी हम सब से कहने आये हैं, कि अब ऐसा नहीं होगा। अब मानवता के जागने की बारी आ गई है। कलयुग अपने अंतिम चरण पर है और धरती माता, प्रकृति, पूरा ब्रह्माण्ड और स्वयं ईश्वर, अब दुष्टों का दमन करने को तैयार है। उन्होंने महायोगी के माध्यम से हम सब को आह्वान किया है कि हम धार्मिक, सामाजिक और आंतरिक भेदभाव भूल कर आपसी प्रेम, शांति और वैश्विक एकता के रास्ते पर चल पड़ें। तभी कलयुग का अंत और सतयुग का आरम्भ होगा। निर्माता निर्देशक राजन लूथरा अपनी फिल्म फ्रमहायोगी हाईवे 1 टू वननेसफ्र के माध्यम से ईश्वर की यही बातें लोगों तक पहुंचा रहे हैं कि उनके प्रेम और आपसी सद्भाव में ही ईश्वर बसते हैं, और कहीं नहीं। 13 दिसम्बर 2024 को आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में आ रहे हैं परमेश्वर के सन्देश को आप तक पहुंचाने वाले महायोगी। प्रिंस मूवीज़ के राकेश सभरवाल फ़िल्म को ऑल इंडिया रिलीज़ कर रहे हैं।



## माँ के व्यवहार पर निर्भर है
# शिशु का तेज दिमाग

नई बनी मां कृपया ध्यान दें। क्या आप अपने लाड़ले से सकारात्मक सहयोग रखती हैं। यदि नहीं तो आज से अपने बच्चे के प्रति आप सहयोग की भावना रखें। ऐसा करने से आपके लाड़ले का दिमाग तेज रहेगा और जीवन भर तनाव से भी दूर रहेगा। यह बात हम नही बल्कि एक ताजा अध्ययन में कही गई है। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक जो महिलाएं अपने नवजात बच्चे के प्रति ज्यादा शिष्ट रहती हैं उनके बच्चों के दिमाग के हिप्पोकेंपस क्षेत्र में ज्यादा नर्व कोशिकाएं बनती हैं जिससे बच्चे का दिमाग तेज होता है। हिप्पोकेंपस का सीधा संबंध याददाश्त और भावना से होता है। हालांकि इस अध्ययन में यह साबित नहीं हो सका कि मां के व्यवहार से बच्चे का ब्रेन साइज बाद में बड़ा होता है लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि मां का बच्चे के प्रति सकारात्मक व्यवहार ब्रेन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शोधकर्ताओं ने 92 बच्चों पर प्री-स्कूल से लेकर ग्रेड स्कूल तक अध्ययन किया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बच्चों पर माता-पिता के सहयोग के स्तर का विश्लेषण किया। इसमें 7 से 13 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था। बच्चों को एक टास्क पूरा करने के लिए कहा गया। बच्चों के माता-पिता को इस अध्ययन के बारे में नहीं बताया गया था। इसके बाद बच्चों का ब्रेन स्कैन किया गया। अध्ययन में देखा गया कि जिन बच्चों के माता-पिता ने ज्यादा सहयोगात्मक दृष्टिकोण रखा उनमें तनाव का स्तर एकदम कम था। इसके अलावा इन बच्चों में हिप्पोकेंपस भी बड़ा देखा गया। अध्ययन में हालांकि यह भी देखा गया कि जिन बच्चों में पहले से तनाव के संकेत थे उनमें माता-पिता के इस सहयोग का ज्यादा असर नहीं पड़ा। प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर जॉन लुबी के अनुसार इस असर का महत्व यह है कि ब्रेन के हिप्पोकेंपस में याददाश्त, भावनाओं का नियमन और तनाव का स्तर जुड़ा होता है। इसमें स्वस्थ सामाजिक मेलजोल की कुंजी छुपी है। उन्होंने कहा कि इस अध्ययन से शुरुआती माता-पिता के व्यवहार को सहयोगात्मक बनाने में मदद मिलेगी।



## नोज पिन सौंदर्य में लगाए
# चार चांद

समय बदलता है तो उसके साथ ही फैशन भी बदलता है जो हमेशा कुछ नया लिए होता है। चाहे ड्रेसेज हों या ज्वैलरी, आए दिन इनमें कुछ नए ट्रेंड मिलते ही हैं। इस नएपन की चाल में हमारी बॉलीवुड एक्ट्रेसेज का बडा योगदान रहता है और ये जो कुछ भी नई चीज ट्राई करती हैं वही उस समय का फैशन बन जाता है। नोज पिन- हिंदी में इसे नथ कहते हैं व इसे पहनने की प्रथा बहुत पुरानी है। शादी में तो नथ को ही स्पेशल माना जाता है। फिर वह साइज में बड़ी हो या छोटी, पहननी ही पड़ती है। मुस्लिमों में तो लड़के वालों की तरफ से लड़की को गहने और कपड़ों के साथ नथ भी भेजी जाती है व लड़की जब नथ पहन लेती है तभी निकाह होता है। नोज पिन की वैराइटी नोज पिन कई वैराइटी में आने लगी हैं। ये आपको राउंड शेप में मिल सकती हैं, घुंघरू लगी नथ,नगों की लडी से सजी नथ, मल्टीकलर में स्टार शेप की नथ, अर्द्ध चंद्राकार नथ, बतख या रोज की आकृति की नथ, थ्री स्टोन नथ आदि-आदि कई आकार व प्रकार में सुलभ हो सकती हैं। इन नोज पिन को आज फैशन वर्ल्ड में एक अलग पहचान मिल रही है और मिले भी क्यों नहीं, इसे पहनने के बाद गर्ल्स हों या शादीशुदा महिलाएं, खुद को सेलिब्रिटी सा महसूस करती हैं। चाहे कोई लड़की कॉलेज जा रही हो या कोई विवाहिता किसी शादी या पार्टी में जा रही हो, चाहे उसने साड़ी पहनी हो या शलवार-कमीज या लहंगा-चोली, नोज पिन उनके सौंदर्य में चार चांद लगा देती है। लड़कियों में तो नोज पिन का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। लाभ भी हैं नोज पिन के इसे पहनने से जुकाम या नाक संबंधी रोग कम ही होते हैं। नोज पिन से सूंघने की शक्ति तेज होती हैं। अक्सर पानी में काम करने वाली भी इसे आराम से पहन सकती हैं, उन्हें कफ आदि विकार कम होंगे।



## फैशन में इन पेंसिल स्कर्ट और
# न्यूड शूज



स्मार्ट और ट्रेंडी लुक के साथ ही पेंसिल स्कर्ट आपको एलीगेंट लुक भी देती है। चाहे सिंपल सफेद शिफॉन शर्ट के साथ पहनें या फिर प्रिंटेड टीशर्ट के साथ, यह स्कर्ट हर तरह से फबती है। इसे मुख्य तौर पर नी लेंथ तथा बैक स्लिट के साथ पहना जाता है। वैसे सामान्यत: पेंसिल स्कर्ट का उपयोग छरहरी काया वाली युवतियां ही ज्यादा करती हैं, लेकिन नी लेंथ वाली थोड़ी लूज फिटिंग की पेंसिल स्कर्ट ब्रॉड फेम वालों पर भी बेहद जंचती है। नी लेंथ वाली पेंसिल स्कर्ट को आप पार्टीज या ऑफिस कहीं भी पहन सकती हैं।

कॉर्पोरेट ड्रेसिंग के तौर पर तो इसका प्रयोग बहुत आम है, वहीं फ्लाइट अटेंडेंट्स तथा हॉस्पिटलिटी जैसे प्रोफेशन से जुड़ी युवतियों के ड्रेस कोड में भी यह अक्सर शामिल होती है।

ऑफिस वेयर के हिसाब से जहां प्लेन पेंसिल स्कर्ट अच्छी लगती है, वहीं कैजुअल ड्रेस के तौर पर प्रिंटेड, स्ट्राइप्स वाली तथा कलरफुल स्कर्ट्स का उपयोग सहजता से किया जा सकता है। इसका मोटा फैब्रिक तथा फिटिंग आपको कॉन्फिडेंट बनाती हैं और स्मार्ट लुक देती हैं।

न्यूड शेड्स वे सारे शेड्स हैं, जो बेहद सादे और आपकी त्वचा की रंगत से मेल खाते हों। इनमें खाकी, ब्राउन, बैज आदि शामिल हो सकते हैं। साथ ही आजकल सिल्वर, मैटेलिक, ग्रे आदि रंगों को भी इनमें मिक्स करके एक नया इफेक्ट पैदा किया जाता है।

न्यूड शेड फुटवेयर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह के और किसी भी कलर-शेड के परिधान के साथ मैच किया जा सकता है। ये सलवार सूट के साथ भी उतने ही सुंदर दिखते हैं, जितने कि जींस या फिर शॉर्ट ड्रेस के साथ। यही नहीं इन्हें आप प्लेन या प्रिंटेड, किसी भी तरह के फैब्रिक के साथ पहन सकती हैं। यानी ये हर तरह से काम आते हैं।

अगर आपके कलेक्शन में एक पेयर न्यूड फुटवेयर का है तो आप इन्हें कई तरह से इस्तेमाल कर सकती हैं। न्यूड शेड में हाई हील सैंडल्स, शूज, बैलेरीना, फ्लैट्स या प्लेटफॉर्म कोई भी स्टाइल पैरों पर अच्छी लगती है। इन फुटवेयर्स का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इनमें आपके पैर लंबे दिखाई देते हैं।

यही नहीं तीखे कलर वाले नेलपेंट के साथ यह और भी खूबसूरत दिखाई देते हैं। आजकल न्यूड के साथ रेड, ऑरेंज, गोल्ड तथा ऐसे ही भड़कीले रंगों का हल्का-सा टच देकर भी फुटवेयर बनाए जा रहे हैं, जो बेहद सुंदर दिखाई देते हैं।

नए और हॉट ट्रेंड के हिसाब से युवतियों की खास पसंद बन चुकी पेंसिल स्कर्ट अब पार्टीज से लेकर कॉलेज तक में दिखाई देने लगी है। वहीं न्यूड शेड के फुटवेयर का क्रेज तो सभी महिलाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। सेलिब्रिटीज भी आजकल इस ट्रेंड पर मोहित नजर आ रही हैं।

## स्प्रिंग सीजन में
# स्किन ब्यूटी

- त्वचा यदि धूप के कारण झुलस गई हो तो खीरा, टमाटर तथा नींबू के रस को समान मात्रा में मिलाकर लेप करें तथा सूखने पर पुन: लगाएं, फिर धो डालें।
- प्रतिदिन नहाने से पहले शरीर के खुले हिस्सों पर दही लगाएं और 10 मिनट तक छोड़ दें और इसके बाद नहाएं।
- जैतून का तेल तथा सिरका बराबर मात्रा में लेकर उन्हें मिलाकर, नहाने के एक घंटे पहले शरीर पर लगाने से त्वचा कांतिमय हो जाएगी।
- एक छोटे खीरे का रस, आधा चम्मच ग्लिसरीन व एक चम्मच गुलाब जल मिलाकर झुलसी त्वचा पर लगाने से त्वचा नर्म पड़ जाती है।
- यदि तेज धूप से आपकी चमड़ी का रंग सांवला हो गया है तो कच्चे टमाटर को कुचलकर छाछ मिलाकर चेहरे और चमड़ी पर मलने से त्वचा को ठंडक मिलेगी।
- अलसी का तेल व नींबू का रस बराबर मात्रा में मिलाकर झुलसी त्वचा पर लगाने से काफी फायदा होता है।
- चिरौंजी कच्चे दूध में पीसकर मलाई एवं नींबू का रस मिलाकर चेहरे तथा बदन में लगाना गर्मियों में बहुत लाभदायक होता है।
- एक चम्मच मक्खन और एक चम्मच पानी मिलाकर फेंट लें। धूप से झुलसी त्वचा पर लगाएं राहत मिलेगी।
- 1/2 चम्मच बेसन में 2 चम्मच नींबू का रस व दही मिलाकर चेहरे, गर्दन व बाहों पर लगाएं, 20 मिनट बाद धो लें। गर्मी से राहत मिलेगी।
- एक चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी, एक चम्मच कच्चा दूध व एक चम्मच गुलाब जल मिलाकर नियमित रूप से लगाने से त्वचा में निखार आता है।



चंदन पीसकर उसमें कुछ बूंदें गुलाब जल मिलाकर लगाने से त्वचा को ठंडक पहुंचती है

## पीएम मोदी और राज्यसभा सांसद मदन की जोड़ी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट किया



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाले विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की जोड़ी ने चुनावो में परचम लहराने पर शिष्टाचार भेट किया। बुधवार को नई दिल्ली, संसद भवन में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने पीएम नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता एवं जीत पर भाजपा टीम राजस्थान को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश अध्यक्ष मदन की मुलाकात एक मार्गदर्शन और प्रोत्साहन निरंतर मिलने,जनसेवा और संगठन को और सशक्त बनाने की प्रेरणा देता है। मोदी द्वारा बहुमूल्य समय देने के लिए उनका का कोटि कोटि आभार भी राठौड़ ने जताया। वही उपचुनाव में भाजपा की जीत होने पर मोदी ने राठौड़ की पीठ थपथपाई

## ग्राम डीएमएफटी संघर्ष समिति का गठन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** सलावटिया में खान श्रमिकों की बैठक का आयोजन किया गया। आरोली,सुखपुरा,सलावटिया,नयानगर,कांस्या, हेमनिवास, चंपापुर, राणा जी का गुढा, सतकुड़िया,काटबड़ा,रसदपुरा समेत 10 गांवों के खान श्रमिक शामिल हुए। डीएमएफटी फंड से गांव का विकास करवाने को लेकर ग्राम डीएमएफटी संघर्ष समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष यमुना प्रसाद यादव,उपाध्यक्ष सुनील यादव को चुना गया। संघर्ष समिति द्वारा डीएमएफटी जनसुनवाई कार्यक्रम करवाने को लेकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। बैठक में आरोली दिलीप सिंह यादव, यमुना प्रसाद यादव, मनोहर यादव,रामदेव ब्रह्मभट्ट, सुनील यादव ,छोटू लाल यादव, माधु लाल भील, राजू हरिजन, महीदीन,बशीद ,अन्ना लाल,जगदीश बंजारा,छोटू लाल बंजारा,मदन लाल बंजारा, कन्हैया लाल,डालचंद मीणा,सुमित, अक्षय बंजारा,मनीष यादव,राजेंद्र यादव, नंदराम, गोपाल भील व मदनलाल भील मौजूद रहे।

## अण्डरपास में भरा पानी, फिसलती बाइके, लोग होते चोटिल, पटरी पार करते बच्चे



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** जिला मुख्यालय स्थित जीनापुर रेलवे अण्डरपास में कई दिनों से पानी भरा हुआ है । यहां से निकलने वाले स्थानीय एवं अप डाउन करने वाले आमजन लोगों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए रेलवे अंडरपास में लगती है, लेकिन कई जगह रेल्वे अंडरपास सक्सेसफुल नहीं रहते। वही देखा गया है कि जीनापुर सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी अब अंडरपास में नहीं निकलकर अंडरपास के ऊपर पटरी पार करके विद्यालय जाने को मजबूर है । वही रेलवे विभाग के आला अधिकारी व ठेकेदारों की आंखें दुर्घटना होने के बाद ही खुलेंगी।

## लोको सेट में यूनियन के चुनाव



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** रेलवे स्टेशन लोको शेड में आज यूनियन के चुनाव आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें सभी 5 यूनियन अपना अपना दमखम दिखा रहे।इस चुनाव में अपना बहुमत साबित करने के लिए चुनाव कराए जा रहे। इस चुनाव में 35% मत जिस यूनियन के पक्ष में किए जाएंगे वहीं कर्मचारी संघ यूनियन की बातें सरकार के समक्ष रखने के लिए मान्य होगा। पांच यूनियन के 17 जोन, 68 डिवीजन में आज मतदान प्रक्रिया जारी है। कोट डिजाइन की मतदान प्रक्रिया सवाई माधोपुर में चल रही है ।जिसमें 650 मतदाता यूनियन का बहुमत सिद्ध करने के लिए मतदान कर रहे है। इसमें यह बात की सामने आई थी। सेंट्रल गवर्नमेंट यह नहीं चाहती थी, कि इस तरह के चुनाव कराए जाएं, लेकिन कोर्ट में रिट लगाकर यूनियनों ने चुनाव करने के लिए अर्जी लगाई। जिस पर इन्हें इस बात की स्वीकृति मिली ।

## सुमेरपूर-शिवगंज दिव्यांग प्रीमियर लीग: राजस्थान किंग्स ने जीता खिताब

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपूर(निसं.)-**शिवगंज में आयोजित सुमेरपुर-शिवगंज दिव्यांग प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का खिताब राजस्थान किंग्स ने जीतकर अपनी शानदार खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें दिव्यांग खिलाड़ियों ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी क्षमता का लोहा मनवाया।

**आयोजन का मुख्य उद्देश्य और सहयोग**

इस टूर्नामेंट के प्रमुख आयोजक पंकज राज मेवाड़ा, जो भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के चार्टर अध्यक्ष, तारा संस्थान उदयपुर के सिरोही और पाली जिलों के अध्यक्ष तथा बौर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया के चेयरमैन हैं। चैयरमेन मेवाड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए उपखंड प्रशासन, नगरपालिका सुमेरपूर और सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि हरिशंकर मेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि DYSP जितेंद्र सिंह राठौड़, डॉ.



कमलेश, डॉ. रौनक सुराणा और श्री सनातन धर्म महिला सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपूर को समारोह में साफा, माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**फाइनल मैच का रोमांच**

फाइनल मैच राजस्थान किंग्स और राजस्थान हेरिकेन्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर हेरिकेन्स ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 180 रन बनाए। इसके बाद हेरिकेन्स टीम 13 रन से पीछे रही और 10 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी। इस शानदार जीत के साथ राजस्थान किंग्स ने खिताब पर कब्जा किया।

**खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन**

इस टूर्नामेंट के दौरान जोधपुर के पास के एक छोटे से गाँव के दिव्यांग खिलाड़ी परसाराम ने सबका दिल जीत लिया। उनके दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद उन्होंने गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जो पूरे टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण रहा। 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब संदीप को मिला, जिन्होंने 20 रन बनाए और 3 महत्वपूर्ण विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। संदीप ने पूरे टूर्नामेंट में कुल 117 रन बनाए, 6 विकेट लिए और तीन कैच लपके, जिसके कारण उन्हें 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार भी मिला।

**पुरस्कार वितरण और सम्मान**

विजेता टीम राजस्थान किंग्स को 21,000 रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया, वहीं उपविजेता टीम राजस्थान हेरिकेन्स को 11,000 रुपये और ट्रॉफी प्राप्त हुई। तीसरी टीम राजस्थान लेपर्ड को 5,100 रुपये और ट्रॉफी मिली। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों, कोच, कप्तान और अम्पायर को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों व दर्शकों ने इस शानदार आयोजन हेतु बौर्ड चैयरमेन पंकज राज मेवाड़ा ओर उनकी टीम को बहुत- बहुत साधुवाद देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**कमेंट्री का शानदार अंदाज**

पिंडवाड़ा से आए कॉमेंटेटर तरुण कुमार और भरत कुमार ने अपनी शानदार कमेंट्री से दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी कमेंट्री ने मैच के रोमांच को और बढ़ा दिया और खेल का आनंद दोगुना किया।

**सहयोगी और ट्रस्ट सदस्य**

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य युधिष्टर सिंह चूंडावत, रविन्द्र सिंह भाटी, जनक सिंह सोढा, युवराज रावल, नंदिनी शर्मा, पूनम भारद्वाज, पूजा भाटी, राकेश भाटी, जयश्री रावल, सूरज बोराणा, नवीन गहलोत, तनीषा राठौर, सुरजीत राठौर, तमन्ना राठौर, अक्ष शर्मा, वाणी बोराणा, संयम पठान, अंजली अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रकाश पटेल, गुलाबचंद, नेनमल सोनी, झुम्मरलाल गर्ग, बाबूलाल सुथार, पूर्व पार्षद प्रेमचंद बरुत और जॉनी स्पोर्ट्स एकेडमी आदि गणमान्य का विशेष योगदान रहा। यह टूर्नामेंट न केवल दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक उत्सव था

## शाहपुरा की बेटी ने शूटिंग बाल में राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत, लौटने पर किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 43 वी राष्ट्रीय सब जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप बालिका वर्ग बोधगया (बिहार )में आयोजित की गई। जिसमें शाहपुरा की बेटी एवं यंग स्पोर्ट्स क्लब की खिलाड़ी दर्शिका लखारा ने राजस्थान टीम से खेलते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर शाहपुरा का नाम रोशन किया। दर्शिका की इस उपलब्धि पर यंग स्पोर्ट्स क्लब व शाहपुरा वासियों ने खुशी जाहिर की।दर्शिका के शाहपुरा पहुंचने पर यंग स्पोर्ट्स क्लब पर स्वागत किया गया।क्लब पर राजस्थान शूटिंग बाल संघ के उपाध्यक्ष केशर सिंह बल्ला,भीलवाड़ा शूटिंग बाल संघ के अध्यक्ष मुकेश शर्मा व सदस्य दिनेश सिंह राणावत का माल्यार्पण व मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही स्कूली वालीबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता 17 वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे क्लब के खिलाड़ी सिया खान व निखिल जाट



जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया था उनका भी स्वागत किया गया। दर्शिका के परिवार व समाजजनों द्वारा भी राजस्थान शूटिंग बाल संघ के उपाध्यक्ष केशर सिंह बल्ला, भीलवाड़ा शूटिंग बाल संघ के अध्यक्ष मुकेश शर्मा व सदस्य दिनेश सिंह राणावत , यंग स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार सचिव राजेंद्र सिंह धाभाई, विजय सिंह धाभाई का भी माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।क्लब के खिलाड़ियों ने दर्शिका व सिया का विजय जुलूस निकाला। कार्यक्रम में लक्ष्मेंद्र सिंह राठौड़,सीताराम जाट, पुष्पेन्द्र सिंह हाड़ा, दिनेश पाल धाभाई,धनराज सिंह राठौड़,नितिन कोठारी, सुरेन्द्र सिंह राणावत, जितेन्द्र सिंह राठौड़,चंद्रभान सिंह, कुतुबुद्दीन ,अभिमन्यु सिंह, रोहित धाकड़,सांवर मल,मुकेश आदि क्लब के सदस्य व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.ता/2024-25 / 4632 दिनांक- 04/12/24

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने 69ए सरेण्डर नियमन हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे 7 बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोना सैनी पत्नी मुकेश सैनी | 34 | 204440 | | 455.17 वर्गमीटर | 69ए सरेण्डर |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य टाटा केपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. से श्री राजू सैनी पुत्र सूरजमल व सुरमा देवी पत्नि कैलाश चन्द गुर्जर ने, अपनी सम्पत्ति दुकान नं. 15, बस स्टेण्ड, महावीर मार्केट, विराटनगर जिला कोटपूतली - बहरोड मे स्थित है पर मोर्गेज लोन लेने हेतु आवेदन किया है।

उक्त दुकान के मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र नीरू देवी जैन व पारस चन्द जैन ने दिनांक 13/12/2007 को श्रीमती सावित्री देवी को विक्रय किया था । तथा दुसरा मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सावित्री देवी ने दिनांक 08/03/2018 को राजू देवी को विक्रय किया था । यह दोनो मूल विक्रय पत्र कहीं गुम हो गए है ।

अतः किसी को दोनो मूल विक्रय पत्र मिले तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को तीन दिवस मे सूचित कर लोटाने का श्रम करे । तथा किसी व्यक्ति, संस्था को उपरोक्त दुकान पर मेरे अभिभाष्य द्वारा रहन / मोर्गेज करने से ऐतराज हो तो तीन दिवस में सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नही जावेगी

सतीश कुमार शर्मा एडवोकेट
शाहपुरा जिला जयपुर
मोबा. 9414207343

## जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने खण्डार सीएचसी, पुलिस थाना व राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** खण्डार उपखण्ड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डार, पुलिस थाना खण्डार, राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास (अनुसूचित जनजाति) आदि का बुधवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डार में मरीज बबलू, सुरेश, कविता आदि से अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सेवाओं व दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के परिसर में अतिरि त फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने औषधीय भण्डार केन्द्र में निरीक्षण के दौरान नियमित रूप से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, अवधिपार दवाओं का नियमित रूप से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित चिकित्सा अधिकारी को दिए। वहीं उन्होंने दवा वितरण केन्द्र पर मरीजों को अवधिपार दवा की आपूर्ति न हो इसकी सुनिश्चितता करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई रखने एवं नकारा अनुपयोगी सामानों का तत्काल प्रभाव से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने पुरूष-महिला वार्डो में जाकर भर्ती मरीजों से संवाद कर चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं मिलने वाली दवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में निजी वाहनों की पार्किंग निषेध करने के निर्देश एसएचओं खण्डार को दिए।

### राजकीय डॉ. भीवराम अम्बेडकर छात्रावास (अनुसूचित जनजाति) का किया निरीक्षण

इस दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर की जांच की। उन्होंने छात्रावास के कक्षों में रोशनी कम पाई जाने पर सभी कक्षाओं में आवश्यकतानुसार एलईडी ट्यूबलाईट लगवाकर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने क निर्देश हॉस्टल वार्डन विष्णु कुमार शर्मा को दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में वॉशवेशन के टूटे पाईपों के स्थान पर नये पाईप लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामग्री का स्टॉक रजिस्टर नहीं मिलने पर हॉस्टल वार्डन विष्णु कुमार शर्मा को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक गौरी शंकर मीणा को दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने पंचायत समिति खण्डार में प्रधान नरेन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों आदि लोगों से स्थानीय समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों द्वारा ट्रेक्टरों पर तेज आवाज में डीजे पर अश्लीन गाने बजाने की शिकायत जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक से की इस पर जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित ट्रेक्टर चालकों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

क्रमांक- दिनांकः-

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है-

| क्र.सं. | दर संविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 35/2024-25 | दर संविदा (खुली बोली) रेज कार्यालय में खाद मींगणी सप्लाई | 9.80 लाख | FOR2425GSOB02154 |
| 2 | 36/2024-25 | दर संविदा (खुली बोली ) रेज कार्यालय में पॉलिथीन बैग्स सप्लाई | 9.50 लाख | FOR2425GSRC02152 |

दर संविदा (खुली बोली) से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट 222. sppp.raj.nic.in & पर देखा जा सकता है ।

उप वन संरक्षक,
चूरू

DIPR/C/12182/2024

**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**OFFICE OF THE SENIOR MANAGER,**
**CIRCUIT HOUSE, JAIPUR**

REF.No./CH/JAI/TENDER/2024-25/2759-2760 DATE: 27.11-2024

**NOTICE INVITING BID**

Inviting E-Bids of Annual Rate Contract for Kirana and Vegetable & Fruits Items Supply. Reputed and Eligible Contractors/Firms at campus of Circuit House Jaipur upto dated 13.12.2024, 12.00 PM. For Detailed information of Bid kindly visit the website E-Procurement of Rajasthan https://eproc.rajasthan.gov.in and State procurement Portal of Rajasthan website www.sppp.raj.nic.in.

UBN:
GAD2425GLRC00062
GAD2425GLRC00063

SENIOR MANAGER
CIRCUIT HOUSE, JAIPUR

DIPR/C/12124/2024

## आदर्श विद्या मंदिर मंडावा में भव्य कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** आदर्श विद्या मंदिर मंडावा में नौ सेना दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी और एनसीसी एएनओ (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर) दिनेश कुमार बुनकर ने कार्यक्रम की अगुवाई की। कार्यक्रम में नौ सेना के महत्व और मूल्यों को उजागर करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेष रूप से, एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति, अनुशासन और एनसीसी के आदर्शों को दर्शाने वाले शानदार पोस्टर बनाए। कार्यक्रम का संचालन कुशलता से गोविन्द सोनी ने किया। उनकी सटीक प्रस्तुति और



आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने अपने संबोधन में एनसीसी के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना पर जोर दिया। एनसीसी एएनओ दिनेश कुमार बुनकर ने छात्रों को एनसीसी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। यह दिन छात्रों के लिए अनुशासन, देशभक्ति और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक रहा।

**OFFICE GRAM PANCHAYAT NARS-INGHPURI, P.S. NEEMAKATHANA**

FILE NO : 84 DATE: 04/12/2024

**Notice Inviting Bid**

Bid Work for GRAM PANCHAYAT NARSINGHPURI PS NEEMKATHANA of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 04.12.2024, 09:00 AM to 10.12.2024, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.raj.nic.in) of the state and PANCHAYATI RAJ departmental website. The approximate value of the procurement is RS 400000/-.

UBN No.- PIQ2425WSOB00207.

SARPANCH
GRAM PANCHAYAT NARSINGHPURI
PANCHAYAT SAMITI NEEMKATHANA

GRAM VIKASTADHIKARI
GRAM PANCHAYAT NARSINGHPURI
PANCHAYAT SAMITI NEEMKATHANA

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
5 दिसम्बर, 2024

## मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर 8 को

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर 8 दिसम्बर को तारामणि व नौरंगलाल सांखोलिया की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र दिनेशकमार गौड़ व रमेश कुमार गौड़ परिवार के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। इसमें शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ की ओर से मरीज की जांच कर ऑपरेशन में चयनित मरीजो को जयपुर ले जाकर ऑपरेशन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया की सभी चयनित मरीजों को बस से जयपुर ले जाया जाएगा। आने-जाने, दवाई, ऑपरेशन व जांच फ्री होगी। मरीज शिविर में आधार कार्ड की दो कॉपी व पूर्व में अगर किसी प्रकार की दवाई चल रही है, वो भी जॉच रिपोर्ट साथ लेकर आए।

## एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में शिविर, 75 यूनिट रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस, एनसीसी, रोवर -रेंजर व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान तथा एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आयुर्वेद विश्व भारती गांधी विद्यामंदिर के प्राचार्य प्रो रविंद्र चौधरी, उप प्राचार्य प्रो श्याम लाल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता गणेशदास स्वामी, विकास समिति सदस्य व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश जोशी रहे। इस दौरान भरतीया हॉस्पिटल चूरू और मुंशी राम मित्तल मेमोरियल सेवा समिति ब्लड सेंटर सीकर की चिकित्सक टीम उपस्थित रही। शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य कविता शर्मा, कमलेश कुमार जोशी, भवानी शंकर, शुभम बंसल व सुमन ने रक्तदान किया। इस दौरान आयुर्वेद विश्व भारती गांधी विद्या मंदिर से डॉ लोकेश शर्मा, एचडीएफसी बैंक संजीत श्योराण, विजेंद्र शेखावत, अभिषेक शर्मा, महाविद्यालय के संकाय सदस्य, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलंटियर्स, रोवर रेंजर्स व विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने सभी का आभार जताया।

## रेलवे यूनियन संघ की मान्यता के लिए कर्मचारियों ने डाले वोट



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय रेलवे कर्मचारी संगठनों यूनियन की मान्यता को बुधवार को मतदान किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडल स्तर पर जारी चुनाव में सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय स्थित बूथ पर सुजानगढ़ रेल कर्मचारियों सहित डीडवाना, लाडनूं, से लेकर पड़िहारा व लोहा तक के रेल कर्मचारियों ने मतदान किया। उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी यूनियन चुनावी मैदान में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन, उत्तर पश्चिम रेल मजदूर संघ, उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ, स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन कुल चार संगठन चुनावी मैदान में हैं। सुजानगढ़ निर्वाचन बूथ पर रेलवे थानाधिकारी ओमप्रकाश गोदारा के साथ आरपीएफ पुलिस व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद रहे।

## राम जानकी विवाहोत्सव में गूंजे हल्दी के गीत



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** स्थानीय गनेड़ीवाल मंदिर में विवाह पंचमी के अवसर पर होने वाले राम सीता विवाह को लेकर बुधवार दोपहर हल्दी की रस्म पूरी करते हुए महिलाओं ने खूब भजन गीत गाए ।राम जानकी विवाहोत्सव की मुख्य आयोजक ललिता देवी व्यास ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और जनक नंदिनी माँ सीता के विवाहोपलक्ष्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं हल्दी के रंग में रंगी नजर आई । पीले वस्त्रों में हल्दी के गीत गाकर नृत्य करती महिलाओं का उत्साह देखते हो बनता था। उत्सव के अंतर्गत गुरूवार को मेहंदी की रस्म होगी। शुक्रवार विवाह पंचमी को परिणयोत्सव की समस्त गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम में सरिता चांडक, मोनिका व्यास, मंजू लड्ढा, सविता कंदोई, कौशल्या सैनी, निर्मला शर्मा, उमराव भाटी, कोमल किशोरी, सुमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** पुलिस प्रशासन ने ऑवरलोड वाहनों के खिलाफ की कारवाई थाना अधिकारी राजेश बुडानिया ने बताया कि ऑवरलोड वाहनों की बार-बार शिकायत मिल रही थी। इसमें उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार दो ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाहीकी गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ऑवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कर खेतड़ी डीटीओ को सूचना कर दी गई

# शतरंज से तार्किक बुद्धि का होता है विकासः नरेश सोनी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया के जीवन चरित्र को रेखाकिंत करते हुए कहा कि शतरंज का जन्मदाता भारत ही है। पुराने जमाने में शतरंज को लोग चतुरंग के नाम से जानते थे। अधिकांश राजा लोग इस खेल को खेला करते थे और एक दूसरे को हरा कर खुश होते थे। बाद में इंग्लैंड व फ्रांस ने इसे अपनाकर अंतर्राष्ट्रीय नाम चेस रखा व विश्व में इसे पहचान दिलाई। शतरंज खेलने से बच्चों में तार्किक बुद्धि का विकास होता है। बच्चों मे बौद्धिक प्रतिरोधक क्षमता में बृद्धि होती है। शतरंज एक ऐसा खेल है जो दुनिया के अधिकांश देशों में खेला जाता है। वे बुधवार को यहां सेठ चिरंजीलाल तोलासरिया की पुण्य स्मृति में आयोजित सातवीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के समापन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में डुण्डलोद के बसंतलाल कानोड़िया, श्यामसुंदर तोलासरिया, शिक्षाविद्व हरलाल सिंह मोगा, विजयशंकर तोलासरिया आदि मंचासीन अतिथि रहे। शतरंज प्रतियोगिता में करीब 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें खेतड़ी के सत्यप्रकाश शर्मा प्रथम, मण्डावा के तोलाराम सोनी द्वितीय और सीकर के कृपाशंकर तृतीय स्थान पर रहे। अतिथियों ने क्रमशः 5100, 3100 और 2100 रूपए नगद , सम्मान पत्र ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को प्रतिक चिन्ह प्रदान कर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर शिक्षाविद्व भगवानसिंह पूनिया, पिताम्बर मिश्रा, बालकिशन भाटीवाङ्ग सुनील सैनी, नरेश खेमानी, केसरदेव टेलर,ज्ञान प्रकाश गोयनका, शीशराम बुरड़क, राजू सिंघानिया, सत्तार सब्जीफरोश, हेमंत देवड़ा, राकेश ठेकेदार, कमलेश तेतरवाल, गोपाल देवड़ा, बंटी देवड़ा, अशोक मोगा, महावीर सिंह मोगा,श्याम सुंदर केडिया, कैलाश नाटाणी, बनवारीलाल गाड़ोदिया, नरोत्तम चेजारा, हितेश प्रजापति, नारायण शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। प्रायोजक विजय शंकर तोलासरिया शिवशंकर, रविशंकर, सुशील कुमार तोलासरिया, अरुण तोलासरिया, मुकेश, सीए विकसित एडवोकेट आदित्य कुमार, शुभम अभिनव, हर्ष, अमन आदि ने मेहमानों का स्वागत किया।

## सुजानगढ़ में आपणी और सीवरेज योजना में भ्रष्टाचार की बूः पोसवाल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने कहा है कि सुजानगढ़ क्षेत्र के लिए पिछले सालों में आई करोड़ों रूपयों की दो महती योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इसलिए इन मामलों की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों को सजा दिए जाने की जरूरत है। पोसवाल ने बताया कि सुजानगढ़ में 119 करोड़ की लागत से सीवरेज नामक महत्वपूर्ण योजना आई। लेकिन बेतरतीब और अधूरे किए गए काम के बावजूद भी सम्बंधित फर्म को भुगतान कर दिया गया। जबकि शहर में हालात ये हैं कि लोगों के पीने के पानी में बदबू आ रही है और पूरी-पूरी आशंका है कि सीवरेज का पानी पेयजल की लाईनों में अनेक जगहों पर जा रहा है। दूसरी ओर एसटीपी बनाए गए, लेकिन वहां तक सीवरेज का पानी नहीं पहुंच रहा है। इसी प्रकार करीब 800 करोड़ रूपये की आपणी योजना आई, लेकिन अनेकों घरों में अब तक मीठे पानी के कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं। कितने कनेक्शन होने थे और कितने हो चुके, जनता को कोई जानकारी नहीं दी जा रही और अधिकारियों की सह के कारण ठेकेदार फर्में चांदी कूट रही हैं। ऐसे में इन मामलों की उच्चस्तरीय जांच जरूरी है। पोसवाल ने बताया कि उनकी ओर से नगरपरिषद में सूचना अधिकारी से सीवरेज प्रोजेक्ट के बारे में काफी बिन्दुओं पर जानकारी मांगी गई, लेकिन जानकारी मुहैया करवाई नहीं गई, जिसके चलते उनको अपील करनी पड़ी है। पोसवाल ने बताया कि उनकी ओर से जानकारी चाही गई है कि अमृत योजना के तहत हुए सीवरेज के काम का ठेका किस कम्पनी को दिया गया और कब तक उसे यह काम पूरा करना था। इसी प्रकार सीवरेज प्रोजेक्ट के प्रथम चरण की कुल लागत और आरंभ व समापन अवधि, प्रथम चरण के तहत कुल भुगतान की गई राशि, अब तक की कुल प्रोग्रेस रिपोर्ट, अनियमितताओं के चलते अब तक लगाई गई पैनल्टी, समय-समय पर किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट आदि की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत चाही गई है।

## खुड़ी मण्डल की बूथ सरंचना बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** भाजपा खुड़ी मंडल की बूथ सरंचना बैठक बुधवार को उपखंड के सनवाली गांव में आयोजित हुई। इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश जोशी, मण्डल बूथ सरंचना प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष बाबूसिंह बाजोर, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जोशी, जिला मंत्री गोपाल लाटा व सदस्यता अभियान के तहसील संयोजक नवरंग चौधरी लालासी की उपस्थित में बूथ सरंचना बैठक आयोजित हुई वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्य की जानकारी दी और प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के घर की छत पर पार्टी का झंडा लगाने की पार्टी के आदेश की जानकारी दी। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष बनाए गए। खुड़ी मण्डल अध्यक्ष अमृत ख्यालिया, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन गोदारा, पंचायत समिति सदस्य बनवारी ढूकिया, सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक महावीर मातवा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सनवाली की बूथ पर बूथ अध्यक्ष अमित सैनी, बनवारी कटारिया, संदीप कटारिया के घर पर पार्टी का झंडा लगाया। बूथ अध्यक्ष ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच नरेश मंडीवाल, राकेश ढाका बासनी, फतेह सिंह महरिया, विद्याप्रकाश मातवा, कर्ण सिंह बंजारा, बनवारी कटारिया, दल्लाराम कटारिया, हरदयाल, रणजीत, महिपाल, नवरंग, गिरधारी फौजी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। विनोद कटारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शहीद झाबर सिंह नैन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** उपखंड के बीदासर गाँव में शहीद झाबर सिंह नैन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह में पीसीसी चीफ व लक्ष्मणगढ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा मुख्य अतिथि रहे। जबकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिहाग, बलारां सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष पूनियां, दादूपंथ के निर्मल दास महाराज, कैलाश गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप गोदारा, सुनील नैन, सतपाल मुहाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामचंद्र गोदारा, गिरधारी गोदारा मंचस्थ रहे। बता दे कि फाइनल मुकाबला खीरवा व छोटी बिडोदी के मध्य हुआ जिसमें खीरवा विजेता रहा। आयोजन समिति के सदस्य शशि गोदारा और राजेंद्र सैन ने बताया कि इस मौके पर पीसीसी चीफ ने स्वयं के विधायक कोटे से निर्मित खेल मैदान की चारदीवारी, हाई मास्क लाइट, शौचालय और अन्य निर्माण कार्यों को निरीक्षण किया और साथ ही डोटासरा ने खेल मैदान की शेष बची हुई 500 फिट चारदीवारी व एक भव्य द्वार विधायक कोटे से बनवाने की घोषणा की। डोटासरा ने कहा कि खेल मैदान जिला स्तर का एक अच्छा स्टेडियम बने, इस दिशा में आने वाले समय में प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य विद्याधर मील, प्रदीप नरुका, नेमीचंद राड, विजेंद्र गोदारा, आनंद शेखावत, दलीप सैन, गिरधारी सैन, दयाराम गोदारा, महावीर माहिच, देवकरण, दुर्गाराम, कैलास सैन, सुरेश नैण, गोपाल सैन, प्रदीप सैन, महेश सैन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## ज्योति विद्यापीठ का आठवां वार्षिकोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** झुंझुनू जिले के बगड़ कस्बे में स्थित ज्योति विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को आठवां वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह मनाया जाएगा। स्कूल प्रबंधक चिरंजी लाल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर अर्जुन दास महाराज के संत सानिध्य में व जिला कलेक्टर झुंझुनू रामावतार मीणा के मुख्य आतिथ्य में और बगड़ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड़, महेंद्र जाखड़ सीबीईओ झुंझुनू, सीओ स्काउट गाइड महेश कालावत, गजेंद्र जालेंद्रा वाइस चेयरमैन नगर पालिका खेतड़ी की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। शाम 5 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में स्कूल छात्र-छात्राओं की ओर से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

## तेज रफ्तार कार ने परिवार को रौंदा, पति-पत्नी सहित 4 घायल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में तेज रफ्तार कार ने एक परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में दारा सिंह, उनकी पत्नी सीता, बेटी अंजली और ज्योति घायल हो गए। घायलों को भगवान दास खेतान (बीडीके) अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चारों का इलाज चल रहा है। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर कार लेकर फरार हो गया। मामला झुंझुनूं के रीको में स्थित कच्ची बस्ती के पास का है। रीको स्थित पुलिस लाइन के सामने वार्ड नंबर 12 के रहने वाले दारा सिंह का परिवार खाना खाकर घर के पास ही घूम रहा था, उसी समय एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना सोमवार की रात के करीब 9 बजे की है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया है। हादसे में घायल परिवार रीको स्थित कच्ची बस्ती का रहने वाला है। इस संबंध में घायल दारासिंह के भाई रवि ने कोतवाली थाने में कार ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करवाया है। रवि ने बताया कि 2 दिसंबर की रात को उसका भाई दारासिंह, भाभी सीता और भतीजी अंजली और ज्योति कच्ची बस्ती के पास रोड़ से 7-8 फीट दूरी पर खड़े थे। अचानक तेज रफ्तार से ब्लैक रंग कार आई और उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी को लेकर फरार हो गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। घायल को तुरंत प्रभाव से झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायलों का बीडीके अस्पताल में इलाज चल रहा है। झुंझुनूं के कोतवाली थाने के एसआई सुरेश रोनल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज निकाले हैं।

## चूरू में राजस्थान युवा महोत्सव 8 को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राजस्थान की लुप्त कला व संस्कृति को संवर्धन, संरक्षण और प्रौद्योगिकी व नवाचार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रचार प्रसार समिति व नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों के साथ युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण ने सभी अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करके युवा महोत्सव का चूरू ब्लॉक स्तर पर सफल आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष उपखंड अधिकारी, आयोजन सचिव मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व सदस्यों में उप पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी परिषद, जिला युवा समन्वयक (प्रतिनिधि), राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिनिधि, सी ओ स्काउट एंड गाइड, एनसीसी प्रतिनिधि,राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ता या युवा क्लब के प्रभारी शामिल है।अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार सोनी ने बताया कि चूरू ब्लॉक स्तर पर राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन 8 दिसंबर को लोहिया महाविद्यालय में आयोजित होगा जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है।

## जिस घर में नित्य भागवत पुस्तक का पूजन, वह बन जाता है तीर्थ



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** जीण माता मंदिर में आयोजित देवी भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने बताया कि जो मानव भक्ति पूर्वक देवी भागवत की कथा सुनते हैं, रिद्धि और सिद्धि सदा उनके संनिकट खेलती रहती है। महान तप, व्रत, तीर्थ, दान, नियम, हवन और यज्ञ आदि करने पर भी मनुष्य को जो फल दुर्लभ रहता है, वह केवल देवी भागवत सुनने से सुलभ हो जाता है। श्रीमद् देवी भागवत का पाठ और श्रवण करने वाला मनुष्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के फल का अधिकारी हो जाता है। देवी भागवत की कथा सुनने से अपुत्र पुत्रवान बन जाता है। दरिद्र धनवान हो जाता है और रोगी आरोग्यवान हो जाता है। कृष्णानंद महाराज ने कहा कि जिस घर में श्रीमद् देवी भागवत की पुस्तक का नित्य पूजन होता है वह घर तीर्थ स्वरूप हो जाता है वहां रहने वाले लोगों के पास भूत, प्रेत, पाप, दुख नहीं टिक सकते है। श्रीमद् भागवत पुराण भगवान से मिलने का सुगम साधन है। आयोजन में ओंकारमल लिंबा, मनोज कंदोई, अमराराम घोड़ेला, कमल बोचीवाल, गोपाल कृष्ण निरानिया, संतोष बाबू इंदौरिया, सीताराम दर्जी, बजरंग लाल सिरस्वा, प्रदीप पारुल आत्रेय, भिकमचंद बावलिया, इंद्रचंद जोशी, देवाराम निरानिया, हीरालाल प्रजापत, भीमराज भोभरिया आदि श्रोता उपस्थित रहे।

## छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डागरां के प्राचार्य रामचंद्र झुरिया पत्नी विमला देवी ने सेवा संस्कार स्वाभिमान की भावना के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को गर्म ऊनी स्वेटर वितरित की। कार्यक्रम के दौरान सूबेदार मेजर हरफूल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विद्याधर सिंह, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, एसडीएमसी अध्यक्ष मोहन लाल, समाजसेवी नरपत सिंह मंचासीन रहे। इस अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ के संरक्षक पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा व प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ट्रस्ट के दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, नासिर तगाला, रोहित दइया, बिजेंद्र कुमावत को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता रामनिवास शर्मा ने सभी को ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने यह ट्रस्ट वर्तमान समय में अविश्वसनीय सेवा कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य रामचंद्र झुरिया, रामकुमार शिवरान, सुभाष चंद्र माहिच, भागीरथ मल फगेडिया, गिरधारी लाल कुम्हार, नरोत्तम, सुभाष भाटी, दिवाकर, नयनतारा, पूजा कुमारी, ट्रस्ट संरक्षक रामनिवास शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रोहित दइया, नासिर तगाला, विजेंद्र कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी व अनेक व्यक्ति व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## संस्कृत स्कूल में साईकिल वितरित



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निसं.)।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल कांवट में भामाशाह रोहिताश यादव निदेशक सुबोध पब्लिक स्कूल के मुख्य आतिथ्य में छात्राओं को साईकिल वितरण कर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया कर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य डा महेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार कीओर से निशुल्क साईकिल वितरण योजना में स्कूल की 13 छात्राओं को समारोह पूर्वक साईकिल वितरण की गई। इस मौके पर एडवोकेट जगदीश प्रसाद शर्मा, कैम्ब्रिज पीजी गर्ल्स कॉलेज से सचिव डीआर महरिया, सरपंच मीना सैनी, शंभुदयाल शर्मा, महेन्द्र शर्मा, अध्यापक मंगल चंद वर्मा, महेंद्र तंवर, मुकेश कुमार, रतनलाल, राजेश, राखी, शकुंतला, सरिता, प्राध्यापक पवन शास्त्री सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** स्थानीय राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय नोसरिया में बुधवार को समाजसेवी संस्था देवकिशन स्मृति सेवा समिति की ओर से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में देवकिशन स्मृति सेवा समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी, उपाध्यक्ष सीताराम जांगिड़, नरोत्तम मल सोनी, योगाचार्य सांवरमल जांगिड़, सीए अरुण कुमार शर्मा, जगदीश सारस्वत, दुर्गादत्त राजपुरोहित, पूर्णमल सारस्वत, सोहन राम भाम्भू, भंवरलाल सारस्वत मंचस्थ रहे। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का माला, दुपट्टा व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। भामाशाह प्रेरक अध्यापक पंकज पीपलवा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने समिति की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उपाध्यक्ष जांगिड़ व सोनी ने नर सेवा नारायण सेवा मानकर कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर 50 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण पारीक ने समिति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मानाराम भाम्भू, पूर्णमल राजपुरोहित, व्यवस्थापक धनाराम सारस्वत, मदनलाल सारस्वत, धनाराम नाई, श्रवण राजपुरोहित, अशोक सारस्वत, देवीलाल राजपुरोहित, मोहनलाल बुढ़ाढ़रा, देबु राजपुरोहित, जेसराज बुढ़ाढ़रा, शिव कुमार बुढ़ाढ़रा, अध्यापिका सरोज थोरी, गायत्री स्वामी, जाना, प्रेम सहित छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन भवानी शंकर राजपुरोहित ने किया।




## पंजीकरण सह-परीक्षण शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को तारानगर के पंचायत समिति में पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विकास अधिकारी अमरजीत सिंह बाबल ने किया। विकास अधिकारी बाबल ने बताया कि 19 नवंबर की पालना में भारत सरकार की एडिप योजना के तहत इस शिविर का आयोजन किया गया। बाबल ने बताया कि शिविर में मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल के 12, ट्राईसाईकिल के 1 व श्रवण यंत्र के 2 आवेदनों के पंजीयन किए गए और साथ ही शिविर में आए वार्षिक सत्यापन से शेष पेंशनर का वार्षिक सत्यापन भी किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लाखनसिंह बीका, असिस्टेंट प्रोग्रामर राकेश कुमार सिहाग, सीनियर असिस्टेंट पवन कुमार पूनियां, पंचायत समिति कार्मिक सूर्यप्रताप सिंह, कालूसिंह व दिव्यांगजन आदि उपस्थित रहे।

## प्रशासक लगाने के निर्णय का विरोध, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** प्रदेश में 6759 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल जनवरी में पूरा होने जा रहा है। जिसमें प्रशासक लगाने के निर्णय का किसान सभा और नौजवान सभा लगातार विरोध कर रही है। इस निर्णय को अलोकतांत्रिक बताते हुए वर्तमान राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन प्रस्तावित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। ग्रामीण नौजवान सभा के राज्य संयोजक सागर कांटीवाल ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार पहले भी छात्रसंघ चुनावों पर अंकुश लगाकर अपने अलोकतांत्रिक होने का परिचय दे चुकी है। अब यह सरकार पंचायतों में प्रशासकों को लगाकर फिर से वही दोहराना चाहती है। इस अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ छात्र व नौजवान संयुक्त मोर्चा बनाकर शैक्षणिक संस्थानों व ग्राम पंचायतों में लोकतंत्र बहाली के लिए आंदोलन करेंगे। किसान सभा के सचिव रामनारायण रुलानिया ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करके अपने अलोकतांत्रिक रवैये के साथ वार्ड पंच, सरपंच, पार्षद, प्रधान, जिला प्रमुख सारे पदों को पर्ची से भरने का प्रयास कर रही है, जिसे सहन नहीं किया जा सकता है।

## निर्वाण सर्वसम्मति से बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** अभिभाषक संघ की वर्ष 2025 की नवीन कार्यकारणी के गठन के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता व संयोजक शंकर दास स्वामी की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष दिलीप सिंह पंवार की ओर से वर्ष 2023 व वर्ष 2024 का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आय- व्यय का ब्योरा रखा गया और अपने कार्यकाल के दौरान सभी अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह निर्वाण को वर्ष 2025 के लिए अध्यक्ष पद के लिए मनोनित किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह निर्वाण ने सभी अधिवक्ताओ का आभार जताया।

## चोरी के आरोपी को भेजा जेल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मींगणा में एक मंदिर से चांदी के छतर चोरी हो जाने की जानकारी मिली है। मींगणा निवासी सम्पतसिंह राजपूत ने सदर थाना पुलिस को बताया कि करणी माता मंदिर से चांदी के चार छतर चोरी हो गए। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी श्रवण उर्फ बाबूलाल पुत्र मोतीलाल निवासी सालासर को बोबासर पुलिया के पास से सदर थाना पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार चांदी के छतर और हरीराम बाबा के पगल्यां बरामद कर लिए हैं। आरोपी को पुलिस ने न्यायाधीश के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेजे जाने के आदेश दिए गए हैं।

## अशोक पंवार व प्रीत चांवरिया का प्रदेश नेतृत्व ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** राजस्थान सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में मेहतर समाज के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में अशोक पंवार व प्रीत चांवरिया की ओर से चूरू नगर परिषद के आगे अनशन किए जाने के बाद बुधवार को जयपुर पहुंचकर राजस्थान सरकार के समक्ष विरोध किया गया। भर्ती में हो रही धांधली और भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश नेतृत्व को अवगत करवाया गया और संपूर्ण भर्ती को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की गई। इस दौरान राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष किशनलाल जेदिया के नेतृत्व में स्वायत शासन विभाग के गोविंद भवन में दोनों युवाओं का मार्ल्यापण कर सम्मान किया गया। इस दौरान मेहतर समाज एकता अधिकार मंच के राकेश पंवार, राजेश घारु भीलवाड़ा, कालू गोरण, सिद्धार्थ बेरासा, रोहित, शांतिलाल तालवाडी राजसमंद, पूर्णमल आर्य पाली आदि उपस्थित रहे।

## आवास फाइनेंस के नाम पर लूट, रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तहसील कमेटी तारानगर ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से माकपा के निर्मल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में आवास फाइनेंस व कुछ अन्य फाइनेंस कंपनियां भवन निर्माण के लिए ऋण वितरित कर रही है जिनकी ब्याज दर पर पेनल्टी आरबीआई की गाइडलाइन से बहुत ज्यादा है इन फाइनेंस कंपनियों की ओर से किए जाने वाले आक्रामक तकादे से इनके उपभोक्ता भयभीत है चिंतित है और आम जनता में भारी आक्रोश है। हमारी पार्टी मांग करती है कि इस तरह के प्रकरणों पर अतिरिक्त ब्याज पेनल्टी माफ कर लोक अदालत व वन टाइम सेटलमेंट के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। पीड़ित व्यक्ति के आवास या जमीन की नीलामी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी नहीं होने देगी। हाल ही मंगलवार को तारानगर के राजकुमार सैनी के आवास की कुर्की कर बच्चों महिलाओं व बीमार बुजुर्गों को घर से बाहर निकाल दिया गया जो अमानवीय कृत्य है जिसे सहन नहीं किया जा सकता जल्द समाधान नहीं हुआ तो हम बड़े आंदोलन की ओर अग्रसर रहेंगे। इस मौके पर कॉमरेड निर्मल कुमार, माकपा तहसील सचिव रामस्वरूप सहारण किसान सभा जिलाध्यक्ष उमराव सिंह, अशोक शर्मा, राजकुमार सैनी सलीम खान, किशन शर्मा, सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समस्याओं के समाधान के लिए स्कूल शिक्षा परिवार ने दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** स्कूल शिक्षा परिवार की ओर से संभाग प्रभारी भरत गौड़ के नेतृत्व में बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ को स्कूल शिक्षा परिवार ने ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। संगठन की ओर से क्रीड़ा शुल्क वसूली आदेश के खिलाफ, जिला समान परीक्षा शुल्क के खिलाफ, स्कूलों के समय परिवर्तन के विरोध में ज्ञापन सौपा गया। शिक्षा परिवार ने ज्ञापन में बताया कि जब कोई बच्चा खेलने ही नहीं जाता तो उसे क्रीड़ा शुल्क की वसूली कैसे विधि संगत है। पहले जिला समान परीक्षा होने पर ही पेपर शुल्क प्रति छात्र रुपए 10 के हिसाब से आता था जो अब संपूर्ण राजस्थान की परीक्षा एक साथ होने पर खर्च हाल में इससे आधा ही होगा। परंतु विभाग अब 20+20 = 40 रुपए प्रति छात्र मांग रहा है। जो सरासर आर्थिक शोषण है। अभिभावकों ने इसे जमा करने से साफ इन्कार कर दिया है। आजादी से आज तक गैर सरकारी विद्यालयों का समय उसे क्षेत्र के वास्तविक स्थिति के अनुसार रखा जाता है। जिससे अभिभावकों व बच्चों को वास्तविक रूप से कोई परेशानी नहीं आती। यह व्यवस्था कई वर्षों से चली आ रही है और किसी को इससे एतराज भी नहीं है। वैसे भी सरकारी स्तर पर दो पारियों में चलने वाले स्कूलों के बच्चों को भी सर्दी लगती होगी। परंतु परिस्थितियोंवस उनकी सर्दी का ख्याल सरकार नहीं रख पाती तो गैर सरकारी स्कूलों की परिस्थितियों भी तो समझी जा सकती हैं। निजी स्कूल शिक्षा परिवार ने लिखित में सूचित कर लिखित में ही मार्गदर्शन चाहा है कि अभिभावक उपरोक्त शुल्क जमा नहीं करें तो स्कूल प्रबंधन आगे क्या कार्रवाई करें। ज्ञापन देते समय जिला प्रभारी बलवान तेतरवाल, समन्वयक विनोद धीनवाल, सुरेंद्र महिया, अरशद खान, सुनील प्रजापत, वेद प्रकाश शर्मा सहित स्कूल शिक्षा परिवार के लोग मौजूद रहे।

## राजकीय अस्पताल के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कार्य बहिष्कार कर किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 घंटे का कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर राजकीय उपजिला अस्पताल के प्रभारी चंद्रभान जांगिड़ को ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की। कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपने ज्ञापन में बताया कि वेतन विसंगति को लेकर मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना में कार्यरत संविदा कर्मचारी आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। कार्यरत संविदा कर्मचारी राजेंद्र बैरवा बाली उपजिला अस्पताल की ओर से विगत चार महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा था। उक्त कार्मिक की ओर से लिखित पत्राचार से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया। इसके उपरांत संविदा कर्मचारी को 8500 रूपए मासिक वेतन भुगतान नहीं किया गया। जिससे मानसिक अवसाद में आकर उक्त कार्मिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसको लेकर संपूर्ण राजस्थान में संविदा कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। उचित कार्रवाई की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों के विरोध कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना महासंघ की ओर से मृतक राजेंद्र बैरवा के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता व दोषी उच्च अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार की मांग की जा रही है। भविष्य में ऐसा कदम कोई और संविदा कर्मचारी नहीं उठाये इसके लिए संविदा रूल 2022 की लिस्ट जारी कर कंप्यूटर ऑपरेटर को 2022 में शामिल किया जाए व सम्मान कार्य सम्मान वेतन लागू किया जाए अन्यथा मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना में कार्यरत संविदा कर्मचारी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। संविदा कर्मचारियों ने एसडीम दिव्या चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर भी संविदा कर्मचारियों की मांगों पर संज्ञान लेने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संविदा कर्मचारी बुलाकी शर्मा, मयंक मोदी, किशनलाल चारण, विनोद सैनी, गोपाल सिंह राठौड़, पवन भोजक, प्रकाश सुंडा, सुभाष गोस्वामी, प्रियंका रजलीवाल, महेंद्र सारण, माया सैनी, राधेश्याम स्वामी सहित संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वंश वाटिका में पौधारोपण किया

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** फतेहपुर रोड स्थित वंश वाटिका फार्म हाउस में बुधवार को पौधारोपण किया गया। पूर्व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी के नेतृत्व में पौधारोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेवारी ली। इस दौरान सैनी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए ताकि पर्यावरण शुद्ध बना रहे और खासकर सर्दी के मौसम में पौधों की विशेष देखभाल करनी चाहिए ताकि वह सुरक्षित रह सके। इस दौरान पार्षद इब्राहिम रंगरेज हाजी अब्दुल रहमान मोम, पत्रकार सूर्य प्रकाश लाहौरा मौजूद रहे।

## ईडी की छापेमारी का खुलासाः करोड़ों रुपए की क्रिप्टो करेंसी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** झुंझुनूं के जखोड़ा में 6 दिन पहले ईडी के द्वारा की गई छापेमारी का खुलासा हुआ है। टीम ने PPYYL एप्प के मामले को लेकर कार्रवाई की थी। 28 से 30 नवंबर तक दिल्ली, गुरुग्राम, जोधपुर, झुंझुनू, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में 13 जगह छापेमारी की कार्यवाही की गई थी। तलाशी अभियान के दौरान ईडी को 47 लाख रुपये की अस्पष्टीकृत नकदी, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, चेक बुक, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, डिजिटल हस्ताक्षर और ट्रस्ट वॉलेट सीक्रेट वाक्यांश बरामद किए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। इसके अलावा निजी वॉलेट से 1.36 करोड़ रुपये मूल्य की क्रिप्टो मुद्रा भी जब्त की गई जिसके बाद इस गोरखधंधे में इस्तेमाल हो रहे बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। दरअसल ईडी ने रुपये की साइबर धोखाधड़ी के संबंध में सीबीआई, आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली द्वारा दर्ज दो एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। बताया जा रहा है कि इस पूरे घोटाले में शामिल लोगों ने सट्टेबाजी, जुआ, अंशकालिक नौकरियों और फ़िशिंग घोटालों आदि के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाए हैं।

## सहायता शिविर में दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को चूरू उपखण्ड की ग्राम पंचायत सोमासी, जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर व नगरपालिका रतननगर में विमुक्त, घूमंतू व अर्द्ध घूमंतू सहायता शिविर आयोजित किए गए। चूरू ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि शिविरों में जनजाति समुदाय के लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानदारी दी गई और प्राप्त आवेदन पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सोमासी में आयोजित शिविर में 2 जनआधार कार्ड अपडेट किए गए और 3 जाति प्रमाण- पत्र व 3 मूल निवास प्रमाण- पत्र जारी किए गए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को ग्राम पंचायत जोड़ी पट्टा सात्यूं, मनोरंजन क्लब, चूरू व नगरपालिका रतननगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## नगर पालिका चुनाव को लेकर जल्द बनाएंगे रणनीतिः अंगद देव



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)** गढ़ परिसर में बुधवार को ठाकुर अंगद देव सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान का फीडबैक लिया। ठाकुर अंगद देव सिंह ने भाजपा के अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूती प्रदान करता है ऐसे में कार्यकर्ताओं को संगठित होकर संगठन को मजबूत बनाना होगा। साथ ही कहा कि कुछ कार्यकर्ता यहां पर पार्टी को कमजोर करने पर लगे हुए हैं जिसको लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को अवगत करवाया जाएगा ताकि अंदरूनी तौर पर खिलाफत करने वालों के बारे में उनको पूरी जानकारी हो। अंगद देव सिंह ने मंडल अध्यक्ष नियुक्त करने मामले को लेकर भी चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देशानुसार कार्य करने पर जोर दिया। इसके अलावा आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की राय से जल्द ही रणनीति बनाने की बात कही। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, एडवोकेट राजकुमार सैनी, शिवचरण गाडोदिया, हाजी अब्दुल रहमान मोम, पार्षद इब्राहिम रंगरेज, महेश जोशी, चूड़ी अजीतगढ़ के पूर्व सरपंच गिरवर सिंह शेखावत, रिधकरण सैनी, महेश सिंह तिहावली मौजूद रहे।

## मिट्टी में जीप का टायर धसा, बड़ा हादसा टला



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** राणी सती मंदिर के सामने बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले अंडरग्राउंड बिजली लाइन डालने को लेकर ठेकेदार की ओर से एक साइड में खाई खोदी गई थी और उसमें लाइन डालने के बाद वापस सही कर दिया गया था लेकिन उसने मात्र खानापूर्ति के तहत उसमें मिट्टी भराव का काम किया गया और जमीन नीचे से पोली रह गई। जिसके कारण बुधवार को मंदिर के सामने पानी सप्लाई करने वाली जीप के टायर उसे मिट्टी में धस गए, गनीमत यह रहा कि उस समय जीप पलटी नहीं खाई जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया। समय रहते ठेकेदार की ओर से इसको सही ढंग से नहीं किया गया तो सड़क किनारे वाहनों के गुजरने के दौरान कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

## चूरु जिले का गजेटियर ड्राफ्ट पर सुझाव व आपतियां मांगी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** चूरू जिले के गजेटियर ड्राफ्ट में अंकित तथ्यों के संबंध में सुझाव व आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए गजेटियर ड्राफ्ट को चूरू जिले की वेबसाइट पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि राज्य के आयोजना (जनशक्ति) विभाग की ओर से जिले के गजेटियर का कार्य करीब 54 वर्ष उपरांत अद्यतन किया जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 1970 में जिले का प्रथम गजेटियर प्रकाशित किया गया था। जिला गजेटियर जिले के भौगोलिक, ?तिहासिक, सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाने वाला सरकार का महत्त्वपूर्ण प्रकाशन है। जिला गजेटियर ड्राफ्ट की बारीकी से जांच के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपादक मंडल का गठन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सेक्टरों के विषय विशेषज्ञों को सम्मिलित किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि ड्राफ्ट में अंकित तथ्यों के संबंध में सुझाव-आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए गजेटियर ड्राफ्ट को जिले की वेबसाइट पर आमजन के अवलोकन के लिए भी उपलब्ध करवाया गया है। सुराणा ने आमजन से अपेक्षा जताई है कि गजेटियर ड्राफ्ट में अंकित तथ्यों अथवा विषय-वस्तु के संबंध में आमजन अपने सुझाव-आपत्तियों से संबंधित पूर्ण जानकारी (तथ्यों तथा संदर्भ सहित) 10 दिवस की अवधि में विभागीय ई-मेल आईडी cpo_churu@yahoo.in पर प्रेषित कर सकते हैं।

## संपर्क और जन सुनवाई में दर्ज प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों और जिला स्तरीय जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश प्रदान किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि निस्तारित शिकायतों में संतुष्टि प्रतिशत बेहतर रहे तथा औसत निस्तारण समय में भी सुधार हो। अधिकारी स्वयं रूचि लेकर इन प्रकरणों को देखें। निस्तारण से पूर्व प्रार्थी से बात भी करें। उन्होंने कहा है कि संपर्क पोर्टल और जन सुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का सात दिवस में ही परिवादी से संवाद कर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए कहा गया है।

## एलपीजी आईडी मैपिंग अब 31 दिसंबर तक

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 से रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना का दायरा बढ़ाते हुए एनएफएसए लाभान्वितों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए एलपीजी आईडी मैपिंग की अवधि 31 दिसंबर तक बढाई गई है। डीएसओ सुरेंद्र महला ने बताया कि सभी एनएफएसए लाभान्वितों को 450 रुपए में एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जाना है। एनएफएसए लाभान्वितों को 450 रुपये में गैस सिलेण्डर प्राप्त करने के लिए एलपीजी आईडी मैंपिग करवानी है। सभी वंचित उपभोक्ता अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार से पोस मशीन के माध्यम से समस्त सदस्यों के आधार नंबर की सीडिंग, ई-केवाईसी तथा परिवार के सदस्यों के नाम, समस्त एलपीजी आईडी की सीडिंग करवा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी नहीं करवाने पर उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार उपभोक्ताओं के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटा दिए जाएंगे।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राष्ट्र के लिए सीमा पर बहादुरी से लड़ाई लड़ने वाले देश के जांबाज सैनिकों का सम्मान पर्व सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसंबर को मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) कुंवर दलीप सिंह ने बताया कि यह दिन हमें पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके आश्रितों को सम्मान देने की प्रेरणा देता है। देश के लिये सदैव तत्पर रहते अपने प्राणों तक की परवाह नहीं करने वाले सैनिकों की वीरता, साहस और राष्ट्र की सूरक्षा के लिये प्राणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों के बलिदान का स्मरण करते यह दिन उनके परिजनों के कल्याणार्थ उदार मन से सहयोग करने का पावन अवसर भी है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि देश की रक्षा और सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले इन रणबांकुरों, पूर्व और सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारो के कल्याणार्थ आगे आएं। उन्होंने अनुरोध किया है कि वीर जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करते हुए सशस्त्र सेना के कल्याण के लिए सभी मुक्त हस्त से अपना योगदान दें।

## रूमायना रंगोत्सवः कला और संस्कृति का ऐतिहासिक आयोजन मुंबई में




### लोक कला और हस्तशिल्प का अद्भुत संगम 13 दिसंबर को

### कबीर, गोरख व मीरा की गूंजेगी वाणीयां, 50 लोक गायक व 25 हस्तशिल्पी बहनें देगी प्रस्तुती

जयपुर टाइम्स

**मुंबई/जयपुर(निसं.)** देश की समृद्ध लोक सांस्कृतिक धरोहर अब मुंबई में एक नये रंग में प्रस्तुत होने वाली है। 13 दिसंबर 2024 को रूमादेवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित "रूमायना रंगोत्सव" एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में पेश होगा, जो न केवल कला प्रेमियों के लिए, बल्कि देश की पारंपरिक कला और संस्कृति से जुड़ने की चाह रखने वालों के लिए भी खास होगा। यह कार्यक्रम मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित मुक्ती कल्चरल ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होगा। रूमा देवी फाउंडेशन की निदेशक सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी ने बताया कि कार्यक्रम में भक्तिकाल से चली आ रही प्राचीन वीणा भजन परंपरा की सजीव प्रस्तुति होगी, जिसमें गोरख, कबीर, डूंगरपुरी, मीरा, तुलसी, दादू, सूरदास, रविदास जैसे महान संतों की वाणियों का गायन किया जाएगा। इसके अलावा गांवो की पारंपरिक हस्त कला की प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें गाँव की महिला हस्तशिल्पियों द्वारा बनाई गई शिल्पकला का जीवंत प्रदर्शन होगा। रूमायना रंगोत्सव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 50 से अधिक लोक कलाकार और 25 महिला हस्तशिल्पी पूरी मेहनत और समर्पण से अपनी प्रस्तुतियों के लिए अभ्यास कर रहे हैं। कार्यक्रम में आठ साल से लेकर अस्सी साल तक के कलाकार अपने अद्भुत हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर दर्शकों को न केवल संगीत और कला का संगम देखने को मिलेगा बल्कि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत के करीब से अनुभव कर सकेंगे। यह आयोजन महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भी अहम भूमिका निभाता है। डॉ. रूमादेवी के नेतृत्व में फाउंडेशन ने हजारों महिलाओं को क्राफ्ट, डिज़ाइन और डिजिटल शिक्षा प्रदान की है। रूमायना रंगोत्सव इस दिशा में एक और कदम है, जो इन कारीगरों और कलाकारों की कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देगा। कार्यक्रम आयोजन समिति के हरिष पारेख व केडी माली ने कला और संस्कृति प्रेमियों से अपील की है कि वे इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बनें और समृद्ध लोक कला और संस्कृति का अनुभव करें। यह कार्यक्रम न केवल कला के कद्रदानों के लिए एक बेहतरीन अवसर है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का आयोजन 13 दिसम्बर को शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक मुक्ती कल्चरल ऑडिटोरियम, अंधेरी वेस्ट, मुंबई में होगा । रूमादेवी ने सभी कला प्रेमियों को इस सांस्कृतिक यात्रा का हिस्सा बनने का आह्वान किया है और कहा है, "आइए, इस अद्भुत उत्सव में शामिल हों और राष्ट्र की अनुपम कला और संस्कृति को अपने दिल में बसाएं!"

# दायमा और व्यास का राज्य स्तरीय सेमिनार में शिक्षा मंत्री ने किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राइजिंग राजस्थान समिट - 2024 के उपलक्ष्य में पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान की ओर से शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने चूरू जिले के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित दो शिक्षकों चैनरूप दायमा व कुलदीप व्यास को शैक्षिक क्षेत्र में उनकी ओर से किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान पर सम्मानित किया। जयपुर के डॉ राधाकृष्णन शिक्षा संकुल में स्कूल शिक्षा परिषद सभागार में आयोजित सेमिनार का विषय था " राजकीय विद्यालयों के विकास में भामाशाह और प्रेरक शिक्षक। समारोह के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस व संधान के अध्यक्ष राजेंद्र भानावत व शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता रहे। विशेष वक्ता के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ' हंस ' मंचस्थ रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ सभी का आभार फोरम की अध्यक्षा निर्मल ग्रोवर ने किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने उद्बोधन में शिक्षक को सभी को संस्कार देने वाला और जीवन में सही दिशा देने वाले के रूप में सबसे सम्माननीय बताया। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान समिट के माध्यम से शिक्षा विभाग के लिए बारह हजार करोड़ रुपए के एमओयू हुए हैं और इसमें शीघ्र ही वृद्धि होगी। फोरम के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने शाब्दिक स्वागत कर कार्यक्रम का परिचय दिया। सेमिनार में सेवा निवृत्त अतिरिक्त शिक्षा निदेशक नूतन बाला कपिला व सेवा निवृत्त जिला शिक्षा कुलदीप व्यास ने भामाशाहों के माध्यम से अपने क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों व निर्माण कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर राजकीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता के विकास, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के क्रियान्वयन व समुदाय के सहयोग से विद्यालय विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। दायमा और व्यास को राज्य स्तरीय सम्मान मिलने पर चूरू जिला पुरस्कृत शिक्षक फोरम के महासचिव ओमप्रकाश तंवर और अध्यक्ष सूर्यप्रकाश त्रिवेदी ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए बधाई दी। ज्ञातव्य है कि इन दोनों को पूर्व में तीन- तीन बार राज्य स्तरीय भामाशाह प्रेरक के रूप में सम्मान प्राप्त हो चुका है।

### जिला स्तरीय स्काउट गाइड मिनी जम्बुरी का समापन

## सरदारशहर को चीफ कमिश्नर शील्ड अवार्ड

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जम्बुरी का समापन सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय के तिरंगा स्टेडियम में शिवरतन सर्राफ की अध्यक्षता, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां के मुख्य आतिथ्य व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक, बाबूलाल शर्मा एसबीओ के आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्काउट महीपालसिंह तंवर ने बताया कि जिला जंबूरी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रुप स्तरीय प्रतियोगिता व स्थानीय संघ स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्थानीय सरदारशहर को चीफ कमिश्नर शील्ड का अवार्ड स्काउट विभाग ने प्रथम स्थान व गाइड विभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्काउट विभाग में जिला कमिश्नर शील्ड में राजगढ़ संघ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिणवां ने कहा कि वर्तमान में यदि किसी भी संगठन में सेवा का भाव है तो उसका नाम स्काउट गाइड संगठन है। निर्णायक की भूमिका में सत्यनारायण स्वामी, सुरेशचंद्र शर्मा, मदनसिंह रायका, गोविंद प्रसाद गौड़, विनोद कुमार मीणा, इंदुबाला वर्मा, निशा माली, सरोज पारीक, ललित वर्मा, सम्पत रैगर, नरेश राय, अरुण शर्मा, राजेश बसेरा, मीनाक्षी अग्रवाल, मनीराम स्वामी, नारायण लाटा, अजीतसिंह राजेश बसेरा, रतनलाल घिंटाला, बलवंत सिंह, कैन्यालाल आदि का सम्मान किया गया।

## जबरन गाड़ी में डालकर युवक को पीट कर लूटा

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निसं.)।** शहर में मंगलवार की रात तीन बदमाश एक युवक को गाड़ी में डालकर लक्ष्मणगढ़ रोड पर ले गए और उसके साथ मारपीट की। बदमाशों ने उसके पैसे और सोने की चैन लूट ली। मौके पर युवक के भाई के साथ पुलिस पहुंची तो युवक गाड़ी छोड़कर भाग छूटे। नरेन्द्र(28) पुत्र हरिप्रसाद स्वामी निवासी रतनगढ़ रोड, सालासर ने रिपोर्ट में बताया कि तीन दिसम्बर की रात करीब 8.30 बजे वह खाना खाकर घर से बाहर निकला तभी वहां पर एक स्विफ्ट कार आई। जिसमें 3 लड़के सवार थे। उन्होंने उसे पकड़ कर गाडी के अन्दर डाल लिया। हो-हल्ला करने पर वहां पर बाबूलाल राव, गोपाल ढाका और उसका भाई कृष्ण कुमार भी आ गए। लेकिन बदमाशों ने कार को भगाते हुए उसके साथ लात घूसों से मारपीट की और सीट के बीच में नीचे पटक कर मोबाईल फोन छीन लिया। साथ ही गले में पहनी सोने की चैन लूट ली और पर्स में रखे 40 हजार रुपए और एक सोने की बाली निकाल ली। बदमाश उसे मारपीट करते हुए लक्ष्मणगढ़ रोड पर ले गए। कुछ देर बाद उन्होंने उसके मोबाईल फोन से उसके भाई के नम्बर पर फोन करके कहा कि तेरा भाई हमारे कब्जे में है। इसको जिन्दा रखना है तो 5 लाख रुपए लेकर जाजोद स्टैण्ड पर आओ। उसका भाई पैसे लेकर सालासर सालासर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचा तो उन्होंने चलती गाड़ी से उसे नीचे फैंक दिया। जिससे उसको चोटें लगी है। पुलिस के पीछा करने पर बदमाश गाड़ी छोड़ भाग निकले।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में धरना प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार दोपहर में सर्व समाज के लोगों ने अम्बेडकर प्रतिमा स्थल के पास धरना देकर प्रदर्शन किया। सभा के माध्यम से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से अपेक्षा की। संत सौरभ नाथ के सान्निध्य में हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि हिन्दू समाज का बांग्लादेश के विकास में न केवल बड़ा योगदान रहा है, बल्कि वह सभी धर्मों के लोगों के साथ मिलजुल कर रहा है। इसके बाद भी बांग्लादेश में हिन्दू समाज के लोगों पर हुई अत्याचार की घटनाओं ने दुनियां को हिलाकर रख दिया है। वहां मानवता तार-तार हो रही है। वहां के अल्पसंख्यक समाज को अमानवीय पीड़ा का शिकार होना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि हिन्दू समाज की बांग्लादेश में न केवल धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार खतरे में हैं, बल्कि वहां एक गहरी मानवीय त्रासदी बन गई है। वहां पर मंदिरों, मूर्तियों और पूजा स्थलों पर हो रहे हमलों, हिंसा, धमकी जैसी बढ़ती घटनाओं से भौतिक और मानसिक उत्पीड़न, प्रशासनिक और न्यायिक उपेक्षा और इश्कान मंदिर के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की। इस संदर्भ में आवश्यक कदम उठाकर बांग्लादेश सरकार के साथ कूटनीतिक चर्चा कर हिन्दू समुदाय की सुरक्षा करने की मांग की है। ज्ञापन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग और महासचिव से इस विषय पर तत्काल हस्तक्षेप करने, भारत में आने वाले हिन्दू शरणार्थियों को सुरक्षा और पुनर्वास करने के ठोस कदम उठाने की बात कही गई है।

## वैश्वीकरण के दौर में वंशावली की बात करना अहमः मीठेश निर्मोही

जयपुर टाइम्स



**चूरू/झुंझुनूं(निसं.)।** बागड़ोदा (सीकर) मूल के असम प्रवासी लेखक, अनुवादक देवीप्रसाद बागड़ोदिया की पुस्तक वंशावली का लोकार्पण पिछले दिनों मंडावा के होटल कास्टले के मोती बाग रंगमंच पर आयोजित एक कार्यक्रम में साहित्य अकादेमी अवार्डी साहित्यकार मीठेश निर्मोही, चूरू एडीपीआर कुमार अजय व लेखक मंशाह नायक ने किया। इस मौके पर साहित्यकार मीठेश निर्मोही ने कहा कि आज के वैश्वीकरण और बाजारीकरण के दौरान में वंशावली की बात करना ही अपने आप में अनुपम बात है। एडीपीआर कुमार अजय ने कहा कि एक साहित्यकार हमेशा वर्तमान के साथ-साथ भूत और भविष्य में भी जीता है। वंशावली इसी प्रकृति का परिचय है कि बागड़ोदिया ने अपने परिजनों, बुजुर्गों से जुड़े संस्मरण और अनुभव इसमें संजोए हैं। साहित्यकार मंशाह नायक ने बागड़ोदिया की सक्रियता और रचनाधर्मिता की सराहना की। इस दौरान बागड़ोदिया ने पुस्तक रचना की पृष्ठभूमि पर चर्चा की। इस दौरान दुर्गा प्रसाद बागड़ोदिया, प्रभुदयाल बागड़ोदिया, श्यामसुंदर मोदी, रवि सिंघल, पवन धीरासरिया, कुसुम चौधरी, रवि बाजोरिया, मीतू गुप्ता, सविता बागड़ोदिया, इंदु बगड़िया, अभिषेक सरोवा, हिमांशु बागड़ोदिया, प्रेरणा आदि मौजूद रहे।

### बीदासर व सुजानगढ़ ब्लॉक की बैठक

## लक्ष्य पूरे नहीं करने वाले कार्मिकों पर होगी कार्यवाहीः सीएमएचओ

### लक्ष्य पूरे नहीं करने पर 4 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को होगा नोटिस जारी



जयपुर टाइम्स

**चूरू/सुजानगढ़(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने कहा है कि टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं की गर्भकाल के दौरान चार जांचों और संस्थागत प्रसव के निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं करने वाले चिकित्साकर्मियों पर कार्यवाही की जाएगी। सीएमएचओ बुधवार को ब्लॉक सुजानगढ व बीदासर के चिकित्साकर्मियों की बैठक में चिकित्सा विभाग के सभी कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, एनसीडी कार्यक्रम व निशुल्क दवा व जांच योजना तथ मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा की। बैठक में ब्लॉक के सभी संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी व प्रभारियों व उप स्वास्थ्य केन्द्र के सीएचओ व महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता से संस्थान वार प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गयी। इस दौरान निर्धारित लक्ष्यों को पूरा नहीं करने पर दो एएनएम को कारण बताओ नोटिस व दो एएनएम को चार्जशीट प्रस्तावित करने के बीसीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण व एएनसी जांच राष्ट्रीय कार्यक्रम है। टीकाकरण चक्र में एक भी बच्चा छूटा, मतलब सुरक्षा चक्र टूटा। एसडीएम ओमप्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ समय पर उपचार मिलना आवश्यक है। बैठक में बीसीएमओ डॉ भूपेन्द्र व बीपीएम संजय सहित सभी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों के अधिकारों की हो सुरक्षा और मिले समुचित कानूनी सहायताः व्यास



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला वैकल्पिक विवाद निस्तारण केन्द्र में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने कहा कि बच्चों को समुचित विधिक जानकारी हो। बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही उनके अधिकारों की जानकारी हो, वहीं उन्हें विधिक गतिविधियों के बारे में भी समुचित जानकारी रहे। उन्होंने बताया कि नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) स्कीम, 2024 योजना के लिए लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन का गठन किया गया है। इसी क्रम में सचिव डॉ व्यास ने बच्चो को कानूनी सहायता प्रदान करने तथा लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन स्कीम, 2024 को धरातल पर शत प्रतिशत क्रियान्विति करने के दिशा-निर्देशों सहित जेजे एक्ट, पॉक्सो एक्ट व पीड़ित प्रतिकर स्कीम के बारे में जानकारी दी। बाल संरक्षण इकाई व बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक सत्येन्द्रपाल ने चाइल्ड केयर हेल्पलाइन 1098, जिला बाल संरक्षण इकाई, पालनहार योजना, मिशन वात्सल्य योजना सहित बच्चो के सर्वागींण विकास के लिए सहयोगी कारकों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। बाल कल्याण समिति सदस्य शर्मिला पूनिया ने बताया कि बाल कल्याण समिति बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें एक सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए कार्यरत एक महत्वपूर्ण संस्था है। यह समिति भारत के किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत गठित की गई है। इस समिति का मुख्य उदेश्य अनाथ, परिवार से अलग हो गए, बेघर व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की सहायता करना है। डिप्टी एलएडीसीएस विवेक प्रिय सोनी ने मॉडल फोस्टर केयर गाइड लाइन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। राजकीय सम्प्रेषण किशोर गृह अधीक्षक राजेश कुमार ने राजकीय सम्प्रेषण किशोर गृह के बारे में जानकारी दी। इस दौरान असिस्टेंट प्रकाश वर्मा, विनय श्रीधर, प्रियंका व यूनिट के पैनल अधिवक्ता व पीएलवी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।